INS ACCREDITED
यूंनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-4 | मथुरा, शनिवार, 28 फरवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमला, स्कूल पर मिसाइल गिरने से 40 छात्राओं की मौत

# ईरान ने पलटवार में 400 मिसाइलें दागीं

■ ईरानी सेना अपने हथियार डाल दे, नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा: ट्रम्प

■ जिन हथियारों से दुनिया है अनजान, अब उनसे करेंगे हमला:ईरान


### हमले और पलटवार का वैश्विक असर और सोशल मीडिया फुटेज वायरल


### दुबई में हमले के बीच खाली कराया गया बुर्ज खलीफा

### यूएई ने हमले को नाकाम करने का किया दावा

### हमले में ईरानी रक्षामंत्री के मारे जाने की खबर







**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शनिवार को मध्य–पूर्व में सुरक्षा और राजनीति की स्थिति अत्यधिक तनावपूर्ण हो गई। इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान और अन्य शहरों पर अचानक हमले किए। दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 40 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इजराइली हमले ने रिहायशी इलाकों में भी भारी तबाही मचाई, और आसमान में धुएं के गुबार उठते देखे गए। हमले के तुरंत बाद ईरान ने पलटवार किया और इजराइल, दुबई, कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस को निशाना बनाते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं। दुबई को निशाना बनाने से वहां भी भारी दहशत फैली। इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई के कार्यालय और परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। इस हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। इजराइल ने अपने नए अभियान का नाम 'लियोन्स रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार यह एक संयुक्त अमेरिका–इजराइल मिलिट्री ऑपरेशन है। इस हमले का मकसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार अमेरिका और उसके नागरिकों को संभावित खतरे से बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइल क्षमताओं को निशाना बना रही है और उसके मिसाइल प्रोग्राम को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को लेकर चल रही बातचीत पहले ही तनावपूर्ण थी। ईरान का कहना है कि उसका बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है और इसे किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। ईरानी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बातचीत केवल परमाणु कार्यक्रम तक सीमित रहेगी, मिसाइल और क्षेत्रीय समूहों पर नहीं। इस हमले के चलते मध्य–पूर्व में सैन्य और राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों ने नागरिकों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। घटनाओं के लाइव फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर भी चिंता बढ़ गई है।

### भारत की 50 प्रतिशत तेल सप्लाई पर संकट

### होर्मुज रूट बंद हुआ तो 10% एक्सपोर्ट भी खतरे में

## ईरान पर हमले को लेकर मथुरा के लोग चिंतित

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शनिवार को सुबह से ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़े युद्ध की खबर को लेकर मथुरा के कई परिवार चिंतित हो उठे हैं। वजह है कि ईरान में यहां के मुस्लिम परिवारों के रिश्तेदार और शुभ चिंतक रहते हैं। उनको फोन करके उनके बारे में संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। यहां के लोगों की नजर दिन पर टीवी चैनलों पर लगी रही। गौरतलब है कि इजरायल और अमेरिका के सैनिकों ने मिलकर ईरान पर हमले करने शुरू कर दिए। हालांकि ईरान के सैनिकों ने इजरायल पर हमले किए हैं। दोनों देशों से कई लोगों के मरने की खबर भी आ रही हैं। इन खबरों के बीच मथुरा के परिवार भी बैचेने होने लगे। वजह थी कि उनके रिश्तेदार और शुभचिंतक ईरान पर रह रहे हैं। वैसे भारत सरकार ने ईरान में रहने वाले भारतीयों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचकर वतन वापसी का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह युद्ध पर नजर रखे हुए हैं। हर स्थिति पर मंथन हो रहा है।

### टीवी चैनलों पर खबरों को देखकर रिश्तेदारों से कर रहे हैं संपर्क

### सोने और चांदी की कीमत फिर बढ़ने के आसार

**यूनिक समय, मथुरा।** ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले को लेकर एक बार भी सोने और चांदी की कीमतें बढ़ने के आसार दिखाई देने लगे हैं। बाजार से यह संकेत मिल रहे हैं कि यदि युद्ध लंबा खिंचा तो सोने और चांदी की कीमत फिर आसमान छूने लगेंगी। निवेशकों की भी पूरी तरह से निगाह लगी हैं।

### होली पर उज्ज्वला परिवारों को बड़ी सौगात

## लाभार्थियों को मिले चेक



मथुरा स्थित राजीव भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उज्जवला परिवार की लाभार्थी महिलाओं को चेक देते गन्ना विकास मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण, विधायक पूरन प्रकाश एवं डीएम सीपी सिंह आदि।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** होली पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी दी गई। इस काम के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपये जारी किए गए। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह राशि वितरित की। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मथुरा के राजीव भवन में भी देखा गया। मथुरा में आयोजित कार्यक्रम में यूपी के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, एमएलसी ओम प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पूजा गुप्ता और जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने आरती मेहतो, कल्लो देवी, ईशू देवी, पिंकी देवी, गुड्डी, जूली, रेखा, इसरत बेगम, हेमलता और शारदा समेत अन्य महिलाओं को सब्सिडी के चेक दिए गए। मथुरा जिले में कुल 2,13,380 उज्ज्वला उपभोक्ता हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार हर साल होली और दीपावली पर एक–एक मुफ्त गैस सिलेंडर देती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लाभार्थियों के बैंक खाते आधार से जुड़े और प्रमाणित होंगे, उन्हें ही इस सुविधा का लाभ मिलेगा। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने यहां योजना की जानकारी का बोर्ड लगाएं और उपभोक्ताओं को फोन, संदेश या अन्य माध्यम से आधार लिंक कराने के लिए जागरूक करें।

**अभियान** — सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अभियान शुरू

## जिले में किशोरियों को लगेगा एचपीवी का टीका

मुख्य संवाददाता



अजमेर (राजस्थान) में बालिकाओं के साथ बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से की। उत्तर प्रदेश में यह अभियान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय से शुरू किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। मथुरा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, जिला अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी और आम लोगों ने इसमें भाग लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ ने बताया कि जिले में 30 हजार से अधिक 14 वर्ष की किशोरियों को यह टीका लगाया जाएगा। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहितास सिंह ने बताया कि गार्डासिल–चार नाम का टीका लगाया जाएगा। यह टीका उन वायरस से बचाता है जो आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकते हैं। टीकाकरण से बेटियों को बड़ी बीमारी से बचाया जा सकेगा। जिला अस्पताल में भी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. अमन, डॉ. सिद्धार्थ धनगर सहित कई डॉक्टरों ने अभियान में भाग लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के डॉ. आलोक कुमार, डॉ. अनुज चौधरी, डॉ. पीयूष सौनी, डॉ. अनुज यादव और अन्य कर्मचारियों ने भी सहयोग किया।

### 30 हजार से अधिक बालिकाएं होंगी लाभान्वित

# बादल, बूंदाबांदी से सहमा किसान, फसलों की चिंता

## सुबह हुई बूंदाबांदी, शाम तक कई बार छाए बादल, धूप भी चमकदार निकली

### मौसम विभाग का पूर्वानुमान– तीन दिन चल सकती है तेज बयार

संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा /फरह।** किसान इन दिनों खेतों में खड़ी तैयार सरसों फसल की कटाई में जुटा है तो आलू खोदाई का काम भी अब गति पकड़ने लगा है। ऐसे में शनिवार सुबह हुई बूंदाबांदी और शाम तक आसमान में छाए बादल किसानों के लिए चिंता का कारण बन गए।

सुबह–सुबह अचानक मौसम बदला तो हल्की बूंदाबांदी हो गई। सुबह ऐसा दो बार हुआ। इसके बाद आसमान पर बादल छाए रहे। शाम तक यह काले बादल फसल कटाई में जुटे किसानों को डराते रहे। वैसे, सुबह से शाम तक धूप भी खिली। दोपहर में मौसम का मिजाज गर्म होने से लोग बूंदाबांदी की आशंका जताते रहे। मौसम के ऐसे हाल को लेकर परेशान हो रहे दीनदयाल धाम निवासी किसान देवी पाठक ने बताया कि अब वर्षा होने से आलू खोदाई प्रभावित हो सकती है, जबकि सरसों कटाई का काम रुक सकता है। कुछ नुकसान भी हो सकता है। मौसम विभाग ने जनपद से जुड़ा मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। एक सप्ताह के लिए जारी किए गए पूर्वानुमान में मौसम विभाग ने पहले तीन दिन के दौरान तेज सतही बयार चलने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, इस दौरान तापमान ऊपर–नीचे हो सकता है।



शनिवार सुबह आसमान में छाए बादलों के बीच छिपा सूरज।

## होली पर हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं, जाएंगे जेल

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** शनिवार को सीओ अनिल कपरवान ने प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल, सभी चौकी प्रभारियों और पीएसी के जवानों के साथ कस्बा में फ्लैग मार्च किया। कस्बा की गलियों में घूमने के बाद सीओ ने पीएसी के साथ मिश्रित आबादी में भी निरीक्षण किया और होलिका दहन का स्थलों को जाकर देखा। मौजूद लोगों को शांति और सद्भाव से त्योहार मनाने को कहा।

उन्होंने बताया कि होली और रमजान के दृष्टिगत कस्बा में फ्लैग मार्च किया गया है। होली पर हुड़दंग करने वालों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों को पुलिस जेल भेजेगी। होली शालीनता का त्योहार है, सभी लोग भाईचारे से त्योहार को मनाएं, हुड़दंग करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

## तापमान / मौसम

32 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

15 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,62,000

22 कैरेट 1,49,040

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,75,000 प्रति किलो

## आपातकालीन सेवाएं

| | |
|---|---|
| 112 | -आपातकालीन सेवा |
| 1962 | - रेलवे हेल्पलाइन |
| 100 | - पुलिस |
| 108 | - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा) |
| 102 | - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा) |
| 101 | - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड) |
| 1090 | - महिला हेल्पलाइन |
| 1091 | - महिला पुलिस सहायता |
| 1098 | - चाइल्ड हेल्पलाइन |
| 104 | - स्वास्थ्य सलाह सेवा |
| 1076 | - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन |
| 1033 | - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा |
| 1073 | - सड़क दुर्घटना आपात सहायता |

# बगीचे में भक्तों संग कल होली खेलेंगे राजाधिराज

### दर्शन समय जारी, रासायनिक रंग व पिचकारी पर पूर्ण प्रतिबंध

**यूनिक समय, मथुरा।** ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में एक मार्च को होली उत्सव मनाया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। प्रातः काल मंगला, श्रृंगार और ग्वाल के दर्शन निर्धारित समय पर होंगे। दोपहर एक बजे से 2:30 बजे तक ठाकुर जी मंदिर प्रांगण स्थित बगीचे में विराजमान होकर श्रद्धालुओं के साथ होली खेलेंगे। इस दौरान केवल मंदिर द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रसादी अबीर–गुलाल का ही प्रयोग किया जाएगा। शाम 4:30 बजे से पांच बजे तक शयन दर्शन होंगे। इसके बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। भीड़ की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने कहा कि वे छोटे बच्चों और वृद्धजनों को साथ न लाएं। मंदिर परिसर में बाहर से किसी भी प्रकार के रासायनिक रंग, केमिकलयुक्त गुलाल या पिचकारी लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। किसी भी प्रकार की अभद्रता या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## जिले में टीबी के सौ शिविर लगाए

# 4568 लोगों की जांच में 38 मरीज मिले

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चला विशेष अभियान

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फरवरी माह के दौरान जिले में टीबी को रोकने के लिए स्क्रीनिंग शिविर लगाए गए।

शासन के निर्देश पर जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लगाए सौ टीबी शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 4568 महिला, पुरुष और युवाओं की जांच की। इसमें लक्षणों के आधार पर 276 लोगों को संभावित टीबी मरीज के रूप में चिन्हित किया गया। इन सभी की बलगम जांच नॉट मशीन से कराई गई। जांच के बाद 38 मरीजों में टीबी की पुष्टि हुई। सभी मरीजों का उपचार तुरंत शुरू कर दिया गया है। अभियान के दौरान एक हजार से अधिक लोगों के एक्स–रे भी कराए गए। जिन व्यक्तियों में टीबी के लक्षण पाए गए, उन्हें आगे की जांच और इलाज के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि फरवरी में लगाए गए शिविरों से 38 टीबी मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू कराया गया है। जिला कार्यक्रम समन्वयक शिव कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग की गई और उन्हें टीबी के प्रति जागरूक किया गया। सीएमओ डॉ. राधावल्लभ ने कहा कि यदि किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार, वजन में कमी या अन्य लक्षण हों तो वह तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। समय पर जांच और इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है।



टीबी शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

पढ़िए वो जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

## होली मिलन समारोह कल

**यूनिक समय, मथुरा।** कछवाहा (कुशवाहा) क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह एक मार्च को श्रीदेवी असहाय सेवा संस्थान, गोविंदपुर रोड, सरस्वती कुंड स्थित संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर सुरेशचंद्र कुशवाहा के कार्य सभागार में होगा। कार्यक्रम में समाज की विशेष समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा।

## बाजारों में छा गई होली की रौनक

# होली पर धूम मचाएगी मोदी–योगी पिचकारी



मथुरा के बाजार में पिचकारी और रंग की सजी दुकान।




मोदी और योगी की आई पिचकारी।

### मोदी–योगी और सिलेंडर वाली पिचकारियों की बाजार में धूम, गुलाल की बढ़ी बिक्री

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले भर के बाजारों में होली की रौनक दिखाई देने लग गई है। लोग परिवार के साथ बाजार पहुंचकर गुलाल, रंग और तरह–तरह की पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार बाजार में खास तरह की पिचकारियां लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। मोदी और योगी के नाम वाली पिचकारियों के साथ–साथ इलेक्ट्रिक और गैस सिलेंडर की डिजाइन वाली पिचकारियां बच्चों और युवाओं को खूब पसंद आ रही हैं। दुकानदारों ने बताया कि इन पिचकारियों की मांग पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। दुकान स्वामियों ने बताया कि मोदी और योगी की पिचकारी 600 रुपये से लेकर 1400 रुपये तक बिक रही है। वहीं सिलेंडर डिजाइन वाली पिचकारी 550 रुपये से 1400 रुपये तक बिक रही है। रंग और गुलाल की दुकानों पर भी अच्छी बिक्री हो रही है। लाल, गुलाबी, पीले और हरे रंग के साथ तोता रंग के गुलाल की मांग ज्यादा है। लोग अब केमिकल वाले रंगों से बचते हुए हर्बल और सुरक्षित गुलाल खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं। कई दुकानों पर पैक्ड गुलाल के साथ आकर्षक ऑफर भी दिए जा रहे हैं। शहर के होलीगेट, चौक बाजार, कृष्णानगर और आसपास के क्षेत्रों में रौनक बढ़ गई है। बाजारों में सजी रंग–बिरंगी दुकानों से पूरा वातावरण होलीमय हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि यदि इसी तरह भीड़ बनी रही तो इस बार व्यापार अच्छा रहेगा।

# ब्रज कला केंद्र में रोजगार मेला में 77 प्रतिभागियों का चयन



बृज कला केंद्र में आयोजित रोजगार मेला में चयनित प्रतिभागी अतिथियों के साथ।

**यूनिक समय, मथुरा।** खजानी वेलफेयर सोसाइटी एवं जिला सेवायोजन विभाग के संयुक्त प्रयासों से ब्रज कला केंद्र में रोजगार मेला लगाया। इसमें बुटीक, टेलरिंग, कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल एवं अन्य कौशल आधारित क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न कंपनियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया। साथ ही, उद्यमिता जागरूकता अभियान भी आयोजित किया। मेला की प्रमुख उपलब्धि यह रही कि कुल 77 प्रतिभागियों का चयन किया। जिन्हें कंप्यूटर, फैशन डिजाइनिंग (बुटीक) एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में आईटी एवं एमएसएमई उद्यम जागरूकता विषय पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें छात्रों को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खजानी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. हरिमोहन माहेश्वरी, जिला नियोजन अधिकारी सुगंधा जैन, एलडीएम रविंद्र सिन्हा, मधुबाला शर्मा एवं आभा माहेश्वरी ने किया। सोसाइटी की सचिव श्रीमती शिप्रा राठी ने संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर चुकी छात्राओं को सम्मानित किया गया। संचालन कॉर्डिनेटर श्रीमती छवि अग्रवाल ने किया।

## गांव जुल्हेंदी में गोवर्धन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# चार आरोपियों की साढ़े तीन करोड़ रुपए की संपत्ति की कुर्क

**यूनिक समय, गोवर्धन।** शनिवार को पुलिस ने क्षेत्र के गांव जुल्हेंदी में बड़ी कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों की लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। गांव के रमाकांत दीक्षित, रामवीर दीक्षित, देवेंद्र दीक्षित व कमल पर आरोप था कि उन्होंने उन्होंने अवैध तरीके से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होकर यह संपत्ति अर्जित की है। इसके बाद मामले की जांच पड़ताल करने के बाद मजिस्ट्रेट ने जिलाधिकारी को आख्या सौंपी। जांच में दोषी पाए जाने के बाद जिलाधिकारी ने सभी अभियुक्तों की संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए।



आदेश का पालन करते हुए क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, सदर बाजार मजिस्ट्रेट और थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर कुर्की की कार्यवाही अमल में लाई गई। इसमें अभियुक्त रमाकांत की 0.214 हेक्टेयर भूमि, एक कार मारुति सुजुकी, दो खातों में संपत्ति कुल मूल्य एक करोड़ 576000, अभियुक्त रामवीर की दो क्रय की गई 0.4289 हेक्टेयर और 0.5286 हेक्टर भूमि दो जेसीबी, एक कार मारुति सुजुकी, 5 खातों की संपत्ति कुल मूल्य 2 करोड़ 40 लाख 7000 कमलचंद के खाते से 81 हजार 57 रुपए और देवेंद्र के खाते से 18133 चारों की कुल संपत्ति लगभग 3: 50 करोड़ रुपए पुलिस के द्वारा कुर्क किए गए हैं। हालांकि जिला अधिकारी के आदेश में अभियुक्तों को 3 महीने का अवसर दिया गया है कि उपरोक्त संपत्ति का स्पष्ट ब्यौरा जिला अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।






## ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीएम सीपी सिंह।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का बाहरी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच की और सुरक्षा इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा को गार्ड रूम की मरम्मत कराने के निर्देश दिए, ताकि वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि वेयरहाउस परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी तिथि नियमित रूप से जांची जाए और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें समय रहते बदलवाया जाए। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों की सुविधाओं को लेकर बातचीत की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, लोक निर्माण विभाग प्रथम के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

## दूध गर्म करने के दौरान गैस रिसाव से लगी आग

### नाना और धेवती बुरी तरह से झुलसे

### कमरे में रखा सामान भी आग की भेंट चढ़ गया

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कोसीकलां के गौमती मौहल्ले में दूध गर्म करने के दौरान सिलेंडर से हुए गैस रिसाव से अचानक आग लग गई। आग से नाना और उनकी धेवती गंभीर रूप से झुलस गई। आग से घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। कोसीकलां के गौमती मौहल्ले में रहने वाले देवीलाल अपनी तीन साल की धेवती देवांशी के साथ रसोई में उसके लिए दूध गर्म कर रहे थे। बताया गया कि उन्होंने जैसे ही दूध गर्म करने के लिए गैस चूल्हे को जलाया। सिलेंडर से हुए गैस रिसाव से अचानक तेज आग लग गई। आग से देवी लाला और उनकी धेवती देवांशी बुरी तरह से झुलस गई। घर के लोगों ने देखा तो उन्होंने बाहर निकल कर शोर किया। आग को बुझाने के प्रयास किए। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर मिट्टी और पान डालकर बुझाने का प्रयास किया, लेकिन उस समय तक विकराल रूप ले चुकी थी। आग ने कमरे में रखे सामान को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। किसी तरह दोनों घायलो को वहां से निकाला गया। दोनों घायलों को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

## अज्ञात व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराए गए एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पाचस वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को बीमार हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार उसके पास से कोई भी ऐसी वस्तु नहीं मिली, जिससे उसकी शिनाख्त हो पाती।

## एसडीएम ने बूथ कार्यों का किया निरीक्षण



वृंदा पथ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय का निरीक्षण करती एसडीएम प्राजक्ता त्रिपाठी।

**यूनिक समय, मथुरा।** ग्राम पंचायत जैंत के वृंदा पथ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में गोवर्धन की एसडीएम प्राजक्ता त्रिपाठी ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण मतदाता सूची से जुड़े लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी और मैपिंग कार्य के तहत किया गया। एसडीएम ने सभी रजिस्टर और कागजों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची का काम पूरी सावधानी और सही तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गलती नहीं होनी चाहिए और सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं। इस मौके पर एईआरओ एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस.पी. पांडे, जय श्रीकृष्ण उपाध्याय, ज्ञान सिंह, अनीता राठौर, कल्पना, शालिनी सिंह, अनीता कुमारी, ममता गौतम एवं पूजा ठाकुर आदि मौजूद थे।

## सात किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** राया पुलिस ने चेकिगं के दौरान बरेली जयपुर हाईवे पर सुथरिया पुल सर्विस रोड के निकट से अरिफ निवासी गांव आयरा खेड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 7 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## ब्रज की होली को बदनाम करने वालों पर होगा मुकदमा

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज की विश्वविख्यात होली की भव्यता और पवित्रता को सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करने की कोशिश करने वालों पर अब पुलिस एक्शन की तैयारी में है। बरसाना की लठामार होली और वृंदावन की रंगभरनी एकादशी से जुड़े कई वर्ष पुराने विवादित वीडियो को 'वर्तमान' बताकर वायरल करने वाले यू-ट्यूबर्स गिरोह पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर साइबर सेल और आईटी टीम को सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस उन सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब चैनलों की पहचान कर रही है, जिन्होंने पुराने वीडियो को नए घटनाक्रम के रूप में प्रस्तुत कर सनसनी फैलाने का प्रयास किया। एसएसपी श्लोक कुमार ने स्पष्ट कहा कि ब्रज की होली आस्था, परंपरा और उल्लास का पर्व है। इसे फर्जी प्रचार और सस्ती लोकप्रियता का माध्यम बनाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। भ्रामक और भड़काऊ कंटेंट पोस्ट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की आईटी टीम 24 घंटे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निगरानी कर रही है और ऐसे लिंक, प्रोफाइल व चैनलों की सूची तैयार की जा रही है, जो पुराने और भ्रामक वीडियो को नए रूप में पेश कर रहे हैं।




### यूनिक समय की खबर का असर: जेसीबी ने समेटे लोगों के 'पाप'

# होलिका दहन स्थल हुआ साफ–सुथरा, कल सजेगी होलिका

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** कस्बा के पथवारी मंदिर चौक परिसर में होलिका दहन स्थल पर लोगों के डाले गए पाप को जेसीबी ने समेटकर फेंक दिया। पुराने कपड़े, बांस और पॉलीथिन, कचरा से कराह रही होलिका पाप साफ होते ही पुलकित हो गई। कचरा और कूड़ा हटाने के बाद श्रद्धालुओं ने होलिका स्थल का पूजन भी किया। अब समाजसेवी दहन की तैयारियों में जुट गए हैं।

बसंत पंचमी पर पथवारी मंदिर चौक परिसर में होली का डांढ़ा गाढ़ा गया था। डांढ़े को परिसर में जबरन वाहन खड़े करने वालों ने नष्ट कर दिया। इसके बाद आसपास के लोग होलिका स्थल पर घरों का कचरा, पुराने कपड़े और बांस आदि रख दिए थे। स्थानीय लोगों ने परिसर में वाहन खड़े करने की



फरह में होलिका दहन स्थल पर रखे गए बांस समेत अन्य सामान को हटाती जेसीबी।

### पथवारी मंदिर चौक परिसर में रखे गए डांढा को वाहन से कर दिया था नष्ट

शिकायत आईजीआईएस पर दर्ज कराई, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी शिवकुमार ने कार्यालय में बैठकर इस शिकायत का निस्तारण कर दिया। अधिशासी अधिकारी की कार्यशैली पर लोगों ने ऐतराज जताया और शिकायत निस्तारण पर आपत्ति जताई। अब शनिवार को चेयरमैन सालिगराम बटिया के निर्देश पर जेसीबी की मदद से होलिका स्थल पर रखा गया। नगर पंचायत के जमादार राजू ने सफाई कराई। कर्मचारियों ने कचरा, बांस आदि को समेटा गया। सफाई होने के बाद श्रद्धालुओं ने होलिका स्थल पर पूजन किया।

### दो मार्च को होगा होलिका दहन

**यूनिक समय, फरह।** कस्बा में दो मार्च को होलिका दहन होगा। रविवार को स्थल पर उपले और लकड़ी से होलिका सजेगी। पूजन के लिए होलिका की प्रतिमा रखी जाएगी। रात 10.30 बजे के बाद पूजन के बाद होलिका दहन किया जाएगा। इससे पहले शाम को भजन–कीर्तन का आयोजन होगा।






# महिलाओं को मिला स्वरोजगार का सहारा



महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करते केनरा बैंक के अधिकारी।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** वित्तीय साक्षरता सप्ताह पर केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय ने महिला सशक्तिकरण के लिए हुए वित्तीय वर्ष 2025–26 में सीएसआर योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। विभिन्न ग्रामीण शाखाओं की अच्छा कार्य करने वाली बैंक सखियों को सिलाई मशीनें दी गईं, जिससे वह आत्म निर्भर बन सकें। बैंक अधिकारियों ने कहा कि इससे महिलाओं को घर पर ही काम करने का अवसर मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी। इससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगी। एफएलसी जिला प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। अग्रणी जिला प्रबंधक रविंद्र कुमार सिन्हा ने महिलाओं को लोन लेने की प्रक्रिया और सिविल स्कोर के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख बरुण कुमार सिंह और मंडलीय प्रबंधक नरेश कुमार विजय के मार्गदर्शन में हुआ।

# वृंदावन में यमुना किनारे योग महोत्सव शुरू

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृन्दावन।** अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ कुंभ मेला क्षेत्र, देवराहा बाबा घाट पर हो गया। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश–विदेश से आए योगाचार्यों, आयुर्वेदाचार्यों, प्राकृतिक चिकित्सकों एवं आध्यात्मिक वक्ताओं ने भाग लेने पहुंचे। दीप प्रज्वलन समारोह में पद्मश्री सम्मानित इदा ऋषि पुत्र मनुआबा संस्थान के सचिव योगगुरु डॉ. बालमुकुंद शास्त्री, जूलिया बोरियोली, सुचित्रा पारेख, एलेना डे मार्टिन, डॉ. राधेश्याम मिश्रा, एम्मा लीफ, डॉ. सुब्रमणियन आनंद वेंकटा, वैद्य प्रभु दयाल गोगिया, तथा डॉ. विशाल बोधि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। डॉ. बालमुकुंद शास्त्री ने कहा कि वृन्दावन की आध्यात्मिक ऊर्जा में आयोजित यह महोत्सव योग को केवल शारीरिक अभ्यास तक सीमित नहीं रखता, बल्कि इसे जीवन–दर्शन, वैश्विक शांति एवं सांस्कृतिक समन्वय का माध्यम बनाता है। संस्थान के प्रबंधक आचार्य डॉ. धर्मनाथ शास्त्री ने कहा कि यह आयोजन योग, आयुर्वेद एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को दैनिक जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उद्घाटन सत्र के पश्चात डॉ. राधेश्याम मिश्रा ने ध्यान सत्र आयोजित किया। योग सत्रों में पारंपरिक आसन, प्राणायाम एवं संतुलन तकनीकों का अभ्यास कराया।

# विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी राष्ट्र की प्रगति का सशक्त आधार



विज्ञान दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में भाषण देती छात्रा।

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आरसीए बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन का थीम के अनुरूप छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के लिए भाषण प्रतियोगिता हुई। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ.अंजू बाला अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी राष्ट्र की प्रगति का सशक्त आधार है। उन्होंने छात्राओं को अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं विज्ञान में अग्रणी भूमिका निभाती हैं, तब देश के विकास को नई दिशा और गति मिलती है। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्रा इफ्रा अनवर ने प्रथम स्थान, बी.एस–सी. प्रथम वर्ष की शगुन और बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष की अलीजा ने द्वितीय, बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष की आशी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल में डॉ. कल्पना वाजपेयी तथा डॉ. स्मृति शामिल थी। कार्यक्रम में डॉ. राजेश वर्मा, वर्षा, खुशबू, अंजली, श्रीमती अंजू और परिधि आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। संचालन रसायन विज्ञान विभाग की डॉ. पल्लवी सुभा एवं मधुमिता शर्मा ने किया।

### यूजीसी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा और राष्ट्रीय समता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी के नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कलेक्टर उषा सिंह को दिया। प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद कौशिक, पन्नालाल गौतम, धर्मदत्त गौतम, तिलकराज गौतम, निरंजन प्रसाद गौतम, देवेंद्र शर्मा, कुशल पाल शर्मा, विनोद कौशिक, केके गौतम तथा संगीता शर्मा आदि शामिल थे।

### के.डी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरा मेडिकल साइंस में स्पर्धा–02 का समापन

# शिवाजी हाउस बना ओवरऑल चैम्पियन

**यूनिक समय, मथुरा।** के.डी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरा मेडिकल साइंस में आयोजित स्पर्धा–02 का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। चार दिन तक चली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने न केवल उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया बल्कि अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। ओवरऑल चैम्पियन का खिताब शिवाजी हाउस को दिया गया। वहीं, रोहित ठाकुर और भावना को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्रों की रस्साकशी स्पर्धा में भगत सिंह हाउस ने गोल्ड तथा आजाद हाउस ने सिल्वर मेडल जीता। छात्राओं में यह सम्मान शिवाजी हाउस को मिला और विवेकानंद हाउस ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। क्रिकेट में आजाद हाउस विजेता तथा महामना हाउस उप–विजेता



मुख्य अतिथि प्राचार्य और डीन डॉ. आर.के. अशोका और संकाय सदस्यों के साथ ओवरऑल चैम्पियन शिवाजी हाउस के खिलाड़ी।

रहे। वॉलीबॉल में भगत सिंह हाउस को गोल्ड और विवेकानंद हाउस को सिल्वर मेडल मिला। शतरंज में छात्र वर्ग में भगत सिंह हाउस ने गोल्ड जबकि आजाद हाउस ने सिल्वर मेडल हासिल किया। छात्राओं की शतरंज में शिवाजी हाउस विजेता और विवेकानंद हाउस उप–विजेता रहा। कैरम में छात्रों में तिलक हाउस को गोल्ड तथा सुभाष हाउस को सिल्वर, जबकि छात्राओं में सुभाष हाउस ने गोल्ड और महामना हाउस ने सिल्वर मेडल जीता। 100 मीटर दौड़ में छात्रों में शिवाजी हाउस और छात्राओं में महामना हाउस विजेता

### रोहित–भावना रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

रहे। गोलाफेंक और लंबी कूद में भी शिवाजी हाउस ने शानदार प्रदर्शन किया। केडी विश्वविद्यालय के प्रति–कुलाधिपति मनोज अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास की महत्ता बताई। डीन डॉ. आर.के. अशोका ने विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए हार और जीत को खेल का हिस्सा बताया। प्राचार्या डॉ. नंदीबाम फजाटन चानू ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उप प्राचार्य डॉ. गौरव त्यागी ने स्पोर्ट्स ऑफीसर डॉ. सोनू शर्मा की प्रशंसा की। इस अवसर पर संकाय सदस्य छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उपस्थित रहे।

# विद्वत्ता और राष्ट्रीयता का संगम थे स्वामी वामदेव महाराज



शताब्दी महोत्सव स्वामी वामदेव में भावांजलि अर्पित करते संत।

### स्वामी वामदेव शताब्दी महोत्सव शुरू

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृन्दावन।** ब्रह्मलीन विरक्त शिरोमणि परमहंस स्वामी वामदेव महाराज के जन्म शताब्दी पर आयोजित 'शताब्दी आनंद महोत्सव' का चैतन्य विहार स्थित वामदेव ज्योतिर्मठ में शुरू हो गया। कार्यक्रम में देश के संतों और मनीषियों ने स्वामी जी के त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद किया। महोत्सव की शुभारंभ पादुका पूजन के साथ हुई। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, निर्मल पीठाधीश्वर महंत स्वामी ज्ञान देव सिंह, महानिर्वाणी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर राजगुरु स्वामी विशोकानंद भारती महाराज, अटल पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद तथा स्वामी चिदानंद मुनि महाराज ने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने स्वामी वामदेव महाराज को विद्वत्ता, सरलता और निर्भीकता की प्रतिमूर्ति बताया, जो दम्भ और मद जैसे दोषों से कोसों दूर थे। महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद महाराज ने कहा कि सनातन हिन्दू संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया गया।

### स्कूल कॉलेजों में उड़ा अबीर गुलाल

# छात्र–छात्राओं ने एक दूसरे के चेहरों पर लगाया रंग


मथुरा में एक दूसरे के रंग लगाती छात्राएं।


होली खेलते छात्र।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शनिवार को स्कूल और कॉलेज में होली खेली गई। छात्र–छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल और रंग लगाया। होली खेलने के बाद छुट्टी हो गई तो छात्र–छात्राएं रंग बिरंगे होकर घरों को लौटे। उनका बदरंग चेहरा देखकर हर किसी के मुंह से निकला हैप्पी होली। होली भले ही चार मार्च को खेली जाएगी, लेकिन स्कूल–कॉलेजों में होली का असर शनिवार को देखा गया। सभी को मालूम था कि आज स्कूल–कॉलेजों में होली खेली जाएगी, अधिकांश छात्र–छात्राएं तैयारी करके पहुंचे थे। जैसे ही शिक्षकों की ओर से हरी झंडी तो मिली स्कूल परिसर में होली खेलने का दौर शुरू हो गया। हंसी ठिठोली के बाद अबीर गुलाल लगाकर चेहरों पर रंग लगाया। चेहरा ऐसा बदरंग हो गया कि फिर एक दूसरे के चेहरों को देखकर मजकिया अंदाज शुरू हो गया।


वृंदावन में होली खेलने के बाद अपनी सहेली छात्राओं के साथ सेल्फी लेती एक छात्रा।

छोटे बच्चों ने बड़ी मस्ती के साथ होली खेली। कई सरकारी कार्यालयों में भी अधिकारी और कर्मचारी होली की मस्ती में डूबे नजर आए। सभी ने अबीर गुलाल के साथ होली खेली। डीएम सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार भी श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर थिरकते नजर आए।

## होली के डोले की तैयारियों के लिए कसी कमर

### माथुर चतुर्वेद परिषद की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**यूनिक समय, मथुरा।** होली के डोला के आयोजन की तैयारियों को लेकर माथुर चतुर्वेद परिषद की बैठक महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परिषद पदाधिकारियों ने सभी आवेदकों से शपथ पत्र भरवाकर यह सुनिश्चित किया कि होली डोला के दौरान किसी भी तीर्थयात्री या दर्शनार्थी के साथ अभद्र व्यवहार न हो। श्री तिवारी ने कहा कि होली का डोला मथुरा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैठक में कोषाध्यक्ष कमल चतुर्वेदी, मंत्री नीरज चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी, मनोज पाठक, संजय, आशीष चतुर्वेदी छुल्ली, अनुज पाठक, गोपाल बोहरे, सौरभ पंडित आदि उपस्थित थे।


माथुर चतुर्वेद परिषद की बैठक में पदाधिकारी।

### चन्द्रग्रहण होने पर जन्मभूमि के दर्शन समय में परिवर्तन

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान की विज्ञप्ति के अनुसार 03 मार्च की सायं खग्रास चन्द्रग्रहण होने के कारण 03 मार्च को प्रातः 5:00 बजे मंगला आरती के साथ सभी मंदिरों के पट खुलेंगे। फिर प्रातः 6:00 बजे पट बन्द होंगे। चन्द्रग्रहण मोक्ष के बाद मंगलवार की रात्रि 8:00 बजे सभी मंदिरों के पट उत्थापन आरती के साथ पुनः एक साथ खुलेंगे। रात्रि 9:00 बजे नियत समय सभी मंदिरों के पट बन्द होंगे।

### नववर्ष मेला 18 मार्च को होगा

## नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का होगा धमाल

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के तत्वावधान में नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर नववर्ष मेला की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष में इस वर्ष नवसंवत्सर 2083 पर नववर्ष मेला 18 मार्च को सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज में होगा। मेला का मुख्य आकर्षण कवि, चित्रकार एवं गायक बाबा सत्यनारायण मौर्य की संगीतमय प्रस्तुति "एक शाम राष्ट्र के नाम" का मंचन होगा। नववर्ष मेला समिति की सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में बैठक हुई। मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष में मेला स्मारिका का प्रकाशन होगा। इसका विमोचन 18 मार्च को मुख्य अतिथि करेंगे। उन्होंने बताया कि 15 मार्च से रंग भरो, पोस्टर बनाओ, मेंहदी प्रतियोगिताएं सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में होंगी।


नववर्ष मेला समिति की बैठक में जानकारी देते मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव। साथ में अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा।

17 मार्च को सामान्य ज्ञान एवं निबंध प्रतियोगिताएं कृष्ण चन्द गांधी सरस्वती विद्या मंदिर और 18 मार्च को रंगोली, रूप सज्जा, एकल नृत्य, समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं मेला स्थल सेठ बीएनपोद्दार इंटर कॉलेज पर होंगी। एकल व सामूहिक नृत्य का ट्रायल (परीक्षण) 16 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में होगा।

प्रतियोगिताओं में विजयी प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिया जायेगा।

### 'एक शाम राष्ट्र के नाम' संगीतमय कार्यक्रम

### सभी विजयी प्रतिभागियों को मिलेगा नकद पुरस्कार

सहभागिता पुरस्कार सभी प्रतिभागियों को दिया जाएगा। बैठक में मेला अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा, आचार्य बृजेंद्र नगर, डॉ. संजय, ललिता गुप्ता, मंत्री डॉ. दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुभाष सैनी, रजत बाल्मीकि, सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, प्रचार प्रमुख विशाल रुहेला, सह प्रचार प्रमुख समीर बंसल आदि उपस्थित थे।




## मथुरा के दो खिलाड़ियों ने अयोध्या में मेडल जीते


ब्रॉन्ज मेडल के साथ सुनील कुमार


स्वर्ण पदक के साथ सचिन ठाकुर।

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अयोध्या में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय इनडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन मथुरा के दो खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक एवं ब्रॉन्ज मेडल जीते। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव जय सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन मथुरा के सचिन ठाकुर ने ट्रिपल जंप में भाग लेते 14.76 मीटर की दूरी तय कर गोल्ड मेडल जीता वहीं सुनील कुमार ने 3000 मीटर दौड़ में भाग लेते हुए 8 मिनट 55 सेकेंड का समय निकाल कर ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहे।

खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार बाजपेई उपाध्यक्ष संजय पाठक, विजय सिंह वर्मा ओलम्पिक संघ के सचिव महेंद्र सिंह राजपूत, सह सचिव पदम सिंह कौन्तेय, डॉ. दलवीर सिंह कौन्तेय, हरदेव सिंह, लोकेश कुंतल, नितिन शर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, सुंदर सिंह धनगर तथा लोकेश गौतम आदि ने बधाई दी है।

## सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान महिला सभा का होली उत्सव


सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान महिला सभा के होली उत्सव में माजूद महिलाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** आनंद नगर जमुना धाम में सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान महिला सभा द्वारा होली का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत महिला पदाधिकारी डॉ. उमा शर्मा, शिक्षाविद मालती भार्गव, डॉ. जमुना शर्मा और शशि शर्मा द्वारा राधा–कृष्ण की छवि पर माला अर्पित कर और फूलों की होली से हुई। इस अवसर पर गोरी शर्मा ने "मेरी खो गई पायलिया श्याम तेरी होली में" प्रस्तुत किया, पुष्पा शर्मा ने "यशोदा जी के लाल खेले ब्रिज में होली", वैशाली शर्मा ने "उड़े रंग गुलाल बरसाने में" और आशा शर्मा ने "आज ब्रज में होली रे रसिया" गीत सुनाए। मोना शर्मा ने सभी बहनों का पटका उढ़ाकर स्वागत किया। राधा–कृष्ण स्वरूप के साथ सभी विप्र महिलाओं ने मिलकर फूलों की होली खेली और होली की लोकगीतों के माध्यम से उत्सव को और भी रंगीन बना दिया।

### पाटोत्सव के दूसरे दिन संतों का सम्मान

**यूनिक समय, वृन्दावन।** छटीकरा रोड स्थित कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में ठाकुर श्रीराधिका बिहारी जू महाराज का 21 वाँ त्रिदिवसीय पाटोत्सव के दूसरे दिन संत–विद्वत सम्मेलन, महंतों का सम्मान हुआ। संत–विद्वत सम्मेलन में विचार व्यक्त करते हुए आश्रम की अध्यक्ष महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी (जटा वाली मां) ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व होली भारतीय वैदिक संस्कृति का अत्यंत पावन व प्रेम पूर्ण त्योहार है। यह सामाजिक सौहार्द्र व समरसता का भी पर्व है। सदगुरुदेव ने आज के दिन 20 वर्ष पूर्व ठाकुर राधिका बिहारी जू महाराज को कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में प्रतिष्ठित किया था। चिंतामणि कुंज के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज, भागवताचार्य डॉ. रामविलास चतुर्वेदी, डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, बिहारी लाल वशिष्ठ, महामंडलेश्वर स्वामी चित्प्रकाशानंद महाराज, महंत आचार्य रामदेव चतुर्वेदी आदि ने विचार व्यक्त किए।

# वृंदावन में ऐसौ रंग बरस रहौ तीन लोक में नाय


ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए लाइन में लगे श्रद्धालुओं का नजारा।


ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन का इंतजार करती श्रद्धालुओं की भीड़।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में बरस रहे रंग को प्रसाद स्वरूप पाने के लिए देश के कौने–कौने से आ रहे श्रद्धालु काफी लालयित नजर आ रहे हैं। भले ही लाइन में लगे–लगे कई घंटे बीत जाएं। वह घर लौटेंगे तो ठाकुरजी की एक झलक पाकर ही। विख्यात ठाकुर बांके बिहारी

### ठाकुर बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य सभी मंदिरों में होली

मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का दौर शुरू हो जाता है। सूरज के चढ़ने के साथ ही भीड़ इतनी अधिक हो जाती है कि कदम बढ़ाना मुश्किल हो जाता है। हालात यह है कि हरिनिकुंज चौराहा से लेकर बांके बिहारी मंदिर पुलिस चौकी तक लगाई बैरीकेडिंग के सहारे–सहारे आगे बढ़ रहे हैं। मंदिर की प्रमुख गली से आगे बढ़ते हुए गेट नंबर तीन से मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। दूसरी गली से आने वाले श्रद्धालु गेट नंबर दो से प्रवेश कर रहे हैं। मंदिर परिसर में अबीर गुलाल के साथ टेसू के फलों से बने रंग की बौछार को पाने के लिए श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आते हैं।

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के साथ ठाकुर राधाबल्लभ लाल मंदिर, राधादामोदरलाल मंदिर, राधा श्याम सुंदर मंदिर, निधिवनराज मंदिर, राधारमण मंदिर समेत अन्य मंदिरों में होली के साथ रसिया गाते हुए श्रद्धालु थिरकते नजर आ रहे हैं।

## गोवर्धन पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह


गोवर्धन में परिक्रमा लगाते यूपी के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** शनिवार को प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे। उन्होंने गिरिराज महाराज के विधि–विधान से दर्शन–पूजन कर प्रदेश की सुख–समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। दर्शन के बाद मंत्री ने सप्तकोसीय परिक्रमा की। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार, थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर सहित पुलिस बल मौजूद रहा। मंत्री के आगमन को देखते हुए परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वही भाजपा नेता सियाराम शर्मा और ठा.हरवान सिंह ने

### गिरिराज जी के दर्शन कर सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई

दुपट्टा पहनाकर मंत्री का स्वागत किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा, "गिरिराज महाराज की असीम कृपा से प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आस्था स्थलों के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

## हनुमान मंदिर पर कल होगा कुश्ती दंगल

**यूनिक समय, गोवर्धन।** होली पर कल कुश्ती दंगल का आयोजन डीग रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर बारहद्वारी पर होगा। दंगल में कई प्रदेशों के पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे। सभी विजेता पहलवानों को इनामी राशि देकर पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं तीन बड़ी कुश्तियों के लास्ट विजेताओं को नकदी सहित गुर्ज प्रदान की जाएंगी।

## होली पर हुड़ंदग मचाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी

**यूनिक समय, मथुरा।** होली पर हुड़ंदग मचाने और शराब के नशे में वाहन चलाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। सड़क पर अगर शराब पीकर अगर कोई वाहन चलाते हुए मिलेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि शहर में होली पर शराब पीकर हंगामा करने वालों के खिलाफ पुलिस को सख्ती से निपटने का आदेश दिया गया है। अगर होली के दिन सड़क पर शराब पीकर हंगामा करे अथवा किसी भी महिला के साथ छेड़खानी अथवा जबरन रंग लगाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस अपने क्षेत्रों में लगातार नजर रखेगी। एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार ने बताया कि होली के दिन शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की

### पुलिस अपने क्षेत्रों पर रखे नजर

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

जाएगी। शराब के नशे में वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाएं होने से रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस सड़कों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि होली का त्यौहार आनंद के साथ मनाए। शराब पीकर वाहन न चलाए। आपका और दूसरों का जीवन कीमती है।

## छाता सब–रजिस्ट्री कार्यालय में उमड़ी भीड़


छाता रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की भीड़।

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** सब–रजिस्ट्री कार्यालय में इन दिनों जमीनों के बैनामे और रजिस्ट्री कराने वालों का तांता लगा हुआ है। होली से पहले शनिवार को कार्यालय में बढ़ती भीड़ और धीमी प्रक्रिया के चलते लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को शाम 5:00 बजे तक 98 रजिस्ट्री ही हो पाई। पांच बजे से 1 घंटा समय बढ़ाया गया जो कि 6:00 तक चला फिर भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई और रजिस्ट्री करने वाले लोग बिना रजिस्ट्री कराए लौटे। रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या में अचानक भारी उछाल आया है। शुक्रवार को 184 टोकन जनरेट हुए। शनिवार को स्थिति ऐसी ही रही। बैनामा कराने आए लोग सुबह 9:00 से शाम तक दफ्तर में बैठे रहे। लोग टोकन लेने और अपनी बारी का आने का इंतजार करते थक

### एक घंटा बढ़ा समय, फिर भी परेशानी

गए। 151 टोकन संख्या पर दिल्ली से आए राजकुमार ने बताया कि के आर एस ग्रुप में कई लोग रजिस्ट्री के लिए सुबह 9:00 बजे से आए हुए हैं। देर शाम 6:00 बजे तक रजिस्ट्री नहीं हो पाई। घर वापस लौटना पड़ा। कई बार सर्वर डाउन होने की वजह से भी काम रुक जाता है, जिससे भीड़ और बढ़ जाती है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लोड बढ़ने के कारण सिस्टम कभी–कभी धीमा हो जाता है, लेकिन कोशिश की जा रही है कि हर आने वाले व्यक्ति का काम समय पर पूरा हो। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

## श्री दीर्घ विष्णु मंदिर में खेली गई फूलों की होली

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा पुरी स्थित प्राचीन श्री दीर्घ विष्णु मंदिर में रंगभरी द्वादशी को फूलों की होली खेली गई। रसिया, फाग और पद गायन की प्रस्तुतियां दी गईं। भक्तों ने "नोतो दें के हमें बुलायो, खेल लें रंगीली होरी गुजरिया" जैसे रसिया गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया गया। लोक संगीत गायक ध्रुव चतुर्वेदी, गौतम चतुर्वेदी और अवधेश चतुर्वेदी ने प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर मंदिर के सेवायत महंत कान्तानाथ चतुर्वेदी, सेवा संस्थान के संयोजक आचार्य ब्रजेंद्र नागर, प्रवक्ता रामदास चतुर्वेदी, बालकृष्ण चतुर्वेदी तथा लालकृष्ण चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस महकमे की एक से सात मार्च तक छुट्टियां हुई कैंसिल

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने पुलिस महकमे में तैनात कर्मियों की एक मार्च से 7 मार्च तक छुट्टियों पर रोक लगा दी है। उन्होंने इस आदेश को सभी डीजी, एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसएसपी को आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस तरह के भी निर्देश दिए गए हैं कि विशेष परिस्थियों में जरूरत पड़ने पर अपने स्तर से छुट्टी दे सकते हैं।

## सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान व हाईस्कूल संस्कृत की परीक्षा हुई

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुईं। परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी रखी गई। इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा में 6421 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 6325 छात्र–छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 96 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की चहल–पहल देखने को मिली। निर्धारित समय पर प्रश्नपत्र वितरण हुआ और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। वहीं हाईस्कूल (कक्षा 10) की संस्कृत विषय की परीक्षा में 500 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 496 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 4 छात्र–छात्राएं अनुपस्थित रहे।

### यूपी के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज

## एमओयू के बाद मथुरा के मरीजों को मुफ्त जांच, उपचार और परिवहन सुविधा

**लखनऊ ब्यूरो**

**यूनिक समय, लखनऊ।** अब उत्तर प्रदेश में आयुष्मान कार्ड धारकों को सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिल सकेगी। अभी तक सिर्फ प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में ही यह सुविधा उपलब्ध थी। जल्द ही शेष 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) द्वारा एमओयू साइन किया जाएगा, जिससे प्रदेश के कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पतालों में यह योजना लागू होगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि जनवरी 2026 से प्रयागराज कैंटोनमेंट

### यह कदम गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित होगा

अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों को निशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है।

कार्डधारकों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज मुफ्त में मिलेगा। इसके अलावा, मरीजों को मुफ्त ओपीडी अपॉइंटमेंट, मुफ्त जांच और गंभीर मामलों में मुफ्त परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। एमओयू साइन होने के बाद यह सुविधा लखनऊ कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना के कैंटोनमेंट अस्पतालों में लागू होगी। साचीज की एसीईओ डॉ. पूजा यादव ने बताया कि इससे गंभीर और जटिल बीमारियों वाले मरीजों को उच्च स्तरीय विशेषज्ञ सेवाएं प्राप्त होंगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए पिक एंड ड्रॉप की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अस्पताल तक पहुँचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। एमओयू के बाद सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों को आयुष्मान योजना के पोर्टल से जोड़ा जाएगा। इससे उपचार, बिलिंग और क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध होगी। यह कदम गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। इस योजना से उत्तर प्रदेश के आयुष्मान कार्डधारक मरीज अब अपने नजदीकी कैंटोनमेंट अस्पताल में गंभीर बीमारियों का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और समान अवसर सुनिश्चित होंगे।



## सुविचार

वक्त बदलता है, हौसला कायम रखना सीखो।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 08:43-07:09 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | पुष्य | 09:35-08:34 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 06:52 AM | चन्द्रोदय | 04:32 PM |
| सूर्यास्त | | 06:26 PM | चंद्रास्त | 05:57 AM |
| सूर्य राशि | | कुंभ राशि | चंद्र | कर्क राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 12:16PM -01:02 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:018-06:05 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 04:59 PM:06:24 PM | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### चंद्र ग्रहणः शुद्धि का सही समय और विधि

# ग्रहण के बाद घर-मंदिर को पवित्र बनाने के आसान उपाय



**यूनिक समय, मथुरा।** तीन मार्च को लगने वाला चंद्र ग्रहण धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार चंद्र ग्रहण को शुभ नहीं माना जाता, इसलिए इसके दौरान विशेष सावधानियां बरती जाती हैं। चंद्र ग्रहण का सूतक काल लगभग 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। सूतक लगते ही घर और मंदिर में पूजा-पाठ बंद कर दिया जाता है और मंदिर के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं। ग्रहण समाप्त होने के बाद घर और मंदिर का शुद्धिकरण करना आवश्यक माना गया है।

ग्रहण खत्म होते ही सबसे पहले पूरे घर की अच्छी तरह सफाई करें। घर के सभी सदस्य स्न्ना करें और साफ, स्वच्छ वस्त्र पहनें। इसके बाद घर में गंगाजल का छिड़काव करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और वातावरण शुद्ध होता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

मंदिर के शुद्धिकरण के लिए सबसे पहले मंदिर की सफाई करें। भगवान की प्रतिमाओं से पुराने वस्त्र हटाकर उन्हें साफ जल से स्नान कराएं। इसके बाद गंगाजल छिड़कें और यदि संभव हो तो पंचामृत से भी अभिषेक करें। प्रतिमाओं को साफ कपड़े से पोंछकर नए वस्त्र पहनाएं। फिर भगवान को ताजे फूल, फल और भोग अर्पित करें। अंत में विधि-विधान से आरती करें और मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न करें। इससे मंदिर की पवित्रता पुनः स्थापित होती है।

घर के शुद्धिकरण के लिए नमक मिले पानी से पोछा लगाना भी शुभ माना जाता है। इसके बाद गौमूत्र या गंगाजल का छिड़काव करें। घर में धूप, अगरबत्ती या हवन करने से वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है।


धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ये उपाय ग्रहण के प्रभाव को कम करने में सहायक माने जाते हैं। वहीं वैज्ञानिक दृष्टि से भी ग्रहण के बाद सफाई, स्नान और स्वच्छता बनाए रखना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इस प्रकार सरल और पारंपरिक विधि अपनाकर आप चंद्र ग्रहण के बाद अपने घर और मंदिर को पुनः पवित्र और सकारात्मक बना सकते हैं।

### जब वंश बचाने की परंपरा बनी विवाद

# ऋषि मनु ने क्यों बंद कराई नियोग प्रथा?

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन भारत के महाभारत काल में एक ऐसी परंपरा प्रचलित थी, जिसे 'नियोग' कहा जाता था। इस प्रथा के अनुसार यदि कोई पुरुष संतान उत्पन्न करने में अक्षम होता था या उसकी मृत्यु हो जाती थी, तो स्त्री परिवार की अनुमति से किसी योग्य पुरुष-अक्सर देवर या प्रतिष्ठित ऋषि-से केवल संतान प्राप्ति के उद्देश्य से संबंध बना सकती थी। यह संबंध स्थायी नहीं होता था और संतान प्राप्ति के बाद स्वतः समाप्त हो जाता था।

महाभारत में पांडु, धृतराष्ट्र और पांडवों के जन्म की कथा इसी नियोग परंपरा से जुड़ी मानी जाती है। उस समय इसे वंश परंपरा को बनाए रखने का एक सामाजिक और धार्मिक समाधान समझा जाता था। हालांकि इसके कड़े नियम थे, ताकि मर्यादा और नैतिकता बनी रहे। लेकिन महाभारत काल के बाद



समाज के नैतिक मानक बदलने लगे। धीरे-धीरे इस प्रथा के दुरुपयोग की आशंका बढ़ने लगी। नियोग, जो कभी विशेष परिस्थितियों के लिए था, सामान्य व्यवहार का रूप लेने लगा। इससे पारिवारिक व्यवस्था और सामाजिक मर्यादा पर प्रश्न खड़े होने लगे। इसी पृष्ठभूमि में ऋषि मनु ने नियोग प्रथा का विरोध किया। मनुस्मृति के रचयिता माने जाने वाले ऋषि मनु का मत था कि विवाह के बाद स्त्री को केवल अपने पति के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए। उन्होंने विधवाओं के लिए कठोर ब्रह्मचर्य का समर्थन किया और नियोग को 'पशुधर्म' कहकर उसकी आलोचना की। उनका तर्क था कि मनुष्य को केवल वंश वृद्धि की जैविक प्रक्रिया तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विवाह की पवित्रता और स्त्री की गरिमा को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए। मनु को यह भी आशंका थी कि नियोग के नाम पर कामुकता को बढ़ावा मिल सकता है और धर्म की आड़ में सामाजिक मर्यादाएं टूट सकती हैं। उनके कड़े रुख और बदलती सामाजिक सोच के कारण उत्तर-वैदिक काल के बाद नियोग प्रथा धीरे-धीरे समाप्त हो गई।

## व्रत-त्योहार का कैलेंडर 2026

- 1 मार्च, दिन रविवार: रवि प्रदोष व्रत
- 3 मार्च, दिन मंगलवार: फाल्गुन पूर्णिमा
- 4 मार्च, दिन बुधवार: होली
- 6 मार्च, दिन शुक्रवार: भालचन्द्र संकष्टी
- 15 मार्च, दिन रविवार: पापमोचनी एकादशी
- 16 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत
- 17 मार्च, दिन मंगलवार: चैत्र मासिक शिवरात्रि
- 19 मार्च, दिन बृहस्पतिवार: चैत्र अमावस्या, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ
- 22 मार्च, दिन रविवार: वासुदेव चतुर्थी
- 26 मार्च, दिन गुरूवार: राम नवमी
- 29 मार्च, दिन रविवार: कामदा एकादशी
- 30 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत

## कल का राशिफल

कल का दिन सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग परिणाम लेकर आया है। कहीं आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं तो कहीं रिश्तों और सेहत को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। आइए जानते हैं विस्तार से आपका कल का राशिफल।

**मेष राशि** के जातकों को निवेश से अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा और मित्रों का सहयोग मुश्किल घड़ी में काम आएगा।

**वृषभ राशि** वालों को निवेश के आकर्षक प्रस्ताव मिल सकते हैं, लेकिन बिना जांच-पड़ताल के कोई निर्णय न लें। दांपत्य जीवन में हल्का तनाव संभव है।

**मिथुन राशि** के लिए निवेश लाभकारी रहेगा। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। मन में कुछ चिंताएं रहेंगी, लेकिन संयम से काम लें।

**कर्क राशि** के जातकों की सेहत अच्छी रहेगी। निवेश से फायदा होगा और वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**सिंह राशि** वालों को खान-पान और व्यायाम पर ध्यान देना चाहिए। आर्थिक योजना बना सकते हैं, लेकिन जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या राशि** के लोग बेवजह की चिंताओं से दूर रहें। विवाह के इच्छुक लोगों के लिए समय अनुकूल है, पर जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

**तुला राशि** वालों का दिन प्रसन्नता से भरा रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी और रिश्ते मजबूत होंगे।

**वृश्चिक राशि** के जातकों को निवेश से बचना चाहिए, अन्यथा नुकसान हो सकता है। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा।

**धनु राशि** के लोग परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। निवेश से धनलाभ संभव है।

**मकर राशि** वालों को कार्यस्थल पर तनाव झेलना पड़ सकता है, लेकिन दांपत्य जीवन ठीक रहेगा।

**कुंभ राशि** के लिए नए लोगों से मुलाकात के योग हैं। खर्च बढ़ सकता है, इसलिए बजट पर ध्यान दें।

**मीन राशि** वालों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और दिन सकारात्मक रहेगा।

# होलिका दहन : भद्रा ग्रहण संयोग में अग्नि दर्शन से बचना चाहिए ऐसे लोगों को

**यूनिक समय, मथुरा।** होली का पर्व रंग, उल्लास और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है, लेकिन वर्ष 2026 की होली कुछ खास ज्योतिषीय परिस्थितियों के कारण चर्चा में है। 2 मार्च 2026 को होने वाले होलिका दहन के समय भद्रा का प्रभाव बताया जा रहा है, जबकि अगले दिन 3 मार्च को चंद्र ग्रहण का संयोग बन रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसे दुर्लभ संयोग में कुछ लोगों को होलिका दहन की अग्नि से दूरी बनाए रखने की सलाह दी जाती है।

होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। परंपरा के



अनुसार इस अग्नि की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। हालांकि शास्त्रों और लोकमान्यताओं में कुछ विशेष वर्गों को जलती हुई होलिका देखने से बचने की सलाह दी गई है।

सबसे पहले, जिन माता-पिता की इकलौती संतान है, उन्हें होलिका की अग्नि के दर्शन से परहेज करने को कहा जाता है। मान्यता है कि इससे संतान पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे परिवारों में प्रायः कोई बड़े बुजुर्ग पूजा संपन्न करते हैं। नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को भी होलिका दहन स्थल से दूर रखने की सलाह दी जाती है। वैज्ञानिक दृष्टि से धुआं और भीड़भाड़ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भी बच्चे संवेदनशील होते हैं और नकारात्मक ऊर्जा को जल्दी ग्रहण कर सकते हैं।

नई नवेली दुल्हन के लिए भी पहली होली पर सावधानी बरतने की परंपरा है। कई क्षेत्रों में मान्यता है कि विवाह के बाद पहली होली मायके में मनाना और होलिका की जलती अग्नि से दूरी रखना दांपत्य जीवन की सुख-शांति के लिए शुभ माना जाता है।

गर्भवती महिलाओं को भी होलिका दहन के दौरान आग की लपटों, धुएं और शोर-शराबे से दूर रहने की सलाह दी जाती है। यह सलाह धार्मिक मान्यता के साथ-साथ स्वास्थ्य कारणों से भी दी जाती है, ताकि मां और गर्भस्थ शिशु सुरक्षित रहें। इसके अतिरिक्त अस्थमा, हृदय रोग या आग के भय से ग्रस्त लोगों को भीड़ और धुएं से बचना चाहिए। उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सास-बहू के एक साथ होलिका देखने से बचने की परंपरा भी प्रचलित है, हालांकि यह लोकविश्वास अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि आस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी है। होली का पर्व आनंद और उत्सव का अवसर है, इसलिए सावधानी और संयम के साथ परंपराओं का पालन करना ही बेहतर विकल्प है।

## सम्पादकीय

# जाम में जकड़े शहरों को चाहिए नई सोच

आधुनिक विकास की दौड़ में हमारे शहरों को रफ्तार, सुगमता और आर्थिक प्रगति का प्रतीक माना गया था, लेकिन आज वही शहर ट्रैफिक जाम के शिकंजे में जकड़े हुए दिखाई देते हैं। सुबह–शाम दफ्तर और घर के बीच की दूरी अब किलोमीटर में नहीं, बल्कि घंटों में मापी जाने लगी है। ब्रेक और क्लच के बीच पिसता आम नागरिक केवल समय ही नहीं गंवा रहा, बल्कि अपनी ऊर्जा, धैर्य और स्वास्थ्य भी खो रहा है।



पवन गौतम
संपादक

शहरीकरण का उद्देश्य जीवन स्तर को बेहतर बनाना था, किंतु अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था ने इसे एक रेंगती हुई प्रणाली में बदल दिया है। जाम में फंसे वाहनों से जलता ईंधन देश की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ डालता है। साथ ही बढ़ता प्रदूषण हमारे शहरों को गैस चैंबर में तब्दील कर रहा है, जिसका दुष्प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देगा। समस्या की जड़ केवल संकरी सड़कें नहीं हैं, बल्कि निजी वाहनों की अनियंत्रित वृद्धि है। पिछले कुछ वर्षों में विकास का अर्थ फ्लाईओवर, अंडरपास और चौड़ी सड़कों तक सीमित कर दिया गया है। यह मान लिया गया कि सड़कें चौड़ी होंगी तो जाम खत्म हो जाएगा। लेकिन अनुभव बताता है कि नई सड़कें भी कुछ समय बाद फिर से वाहनों से भर जाती हैं। सड़कें चौड़ी होते ही लोग निजी वाहनों का अधिक उपयोग करने लगते हैं और समस्या वहीं की वहीं लौट आती है। स्पष्ट है कि यह समाधान स्थायी नहीं है। असल जरूरत सड़कों पर वाहनों की संख्या कम करने की है। इसके लिए एक मजबूत, विश्वसनीय और सुलभ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था अनिवार्य है। बसों के लिए समर्पित लेन, समयबद्ध सेवा, सुरक्षित और स्वच्छ मेट्रो या लोकल ट्रेन, तथा अंतिम मील तक कनेक्टिविटी–ये सभी कदम लोगों को निजी वाहन छोड़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इसके साथ ही सुरक्षित साइकिल ट्रैक और अतिक्रमण–मुक्त फुटपाथ शहरी नियोजन का अभिन्न हिस्सा बनने चाहिए। हमें 'स्मार्ट सिटी' की परिभाषा पर पुनर्विचार करना होगा। विकसित शहर वह नहीं जहां हर व्यक्ति के पास कार हो, बल्कि वह है जहां संपन्न व्यक्ति भी सार्वजनिक परिवहन को सुविधाजनक और सम्मानजनक विकल्प माने। इसके लिए सरकार की दूरदर्शी नीतियों, प्रशासन की दृढ़ इच्छाशक्ति और नागरिकों के अनुशासित व्यवहार के बीच तालमेल जरूरी है।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## नजरिया

# जहरीले बीजों का जाल और किसानों की जंग

अरुण कुमार




भारतीय कृषि केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आजीविका, देश की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण समाज की आत्मा है। इस कृषि व्यवस्था की नींव जिस बीज पर टिकी होती है, यदि वही बीज नकली या घटिया निकले, तो परिणाम केवल खराब फसल तक सीमित नहीं रहता–वह किसान की उम्मीद, परिवार की स्थिरता और गांव की अर्थव्यवस्था तक को हिला देता है। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नए बीज विधेयक के तहत नकली बीज बेचने वालों पर 30 लाख रुपये तक जुर्मा ा और तीन वर्ष की सजा का प्रावधान निस्संदेह एक ठोस और जरूरी कदम है। किंतु यह भी उतना ही सच है कि कानून की ताकत उसके कागज पर लिखे शब्दों में नहीं, बल्कि उसके ईमानदार क्रियान्वयन में निहित होती है।

नकली बीजों और खाद का काला कारोबार कोई हालिया समस्या नहीं है। वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों से किसानों के ठगे जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। सरकारी स्तर पर स्वीकार किया जा चुका है कि वर्ष 2024–25 में जांचे गए लगभग ढाई लाख बीज नमूनों में से 32 हजार से अधिक नमूने नकली पाए गए। यह आंकड़ा केवल उन नमूनों का है जो जांच के दायरे में आए। बाजार में उपलब्ध कुल बीजों की तुलना में यह संख्या कहीं अधिक गंभीर तस्वीर पेश करती है। यह मानना कठिन नहीं कि बड़ी मात्रा में नकली बीज बिना जांच के ही किसानों तक पहुंच जाते हैं।

किसान जब बीज खरीदता है, तो वह केवल उत्पाद नहीं खरीदता, बल्कि भविष्य की उम्मीद खरीदता है। एक छोटे और सीमांत किसान के लिए 10–20 हजार रुपये का बीज भी बड़ी पूंजी होता है। वह उधार लेकर, जेवर गिरवी रखकर या साहूकार से कर्ज लेकर बीज खरीदता है। यदि फसल खराब हो जाए तो उसका असर केवल एक सीजन तक सीमित नहीं रहता। उत्पादन न होने से बाजार में आमदनी नहीं होती, कर्ज का ब्याज बढ़ता है और परिवार की बुनियादी जरूरतें भी संकट में पड़ जाती हैं। कई बार यह आर्थिक दबाव मानसिक तनाव में बदल जाता है, जिसके परिणाम बेहद दुखद हो सकते हैं।

महाराष्ट्र में नकली कपास बीजों के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अन्य राज्यों में भी छापामारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली खाद और बीज बरामद किए गए। लेकिन सवाल यह है कि जब हर वर्ष ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं होती? इसका एक बड़ा कारण है निगरानी तंत्र की कमजोरी और दंड प्रक्रिया की सुस्ती। पिछले कुछ वर्षों में छापों की संख्या में कमी आई है और जिन मामलों में कार्रवाई हुई भी, उनमें सजा की दर बेहद कम रही है। कई बार संबंधित एजेंसियां अपनी लापरवाही छिपाने के लिए दोष किसानों पर ही मढ़ देती हैं।

बीज केंद्रों पर नियमित निरीक्षण और गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था कागजों में तो मौजूद है, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका पालन अक्सर ढीला रहता है। लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं की सूची अपडेट नहीं होती, गोदामों की स्थिति की जांच नहीं होती और शिकायत मिलने पर कार्रवाई में महीनों लग जाते हैं। ऐसे माहौल में नकली कारोबारियों के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है। जब दंड का भय समाप्त हो जाता है, तो अपराध बढ़ना तय है।

प्रस्तावित विधेयक में केवल जुर्माना और सजा ही नहीं, बल्कि बीजों की कीमत और गुणवत्ता पर सरकारी नियंत्रण का प्रावधान भी महत्वपूर्ण है। इससे बीज कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लग सकता है। कई बार किसान ऊंचे दाम पर बीज खरीदता है, लेकिन गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं होती। यदि सरकार एक पारदर्शी मूल्य निर्धारण और गुणवत्ता मानक प्रणाली लागू करे, तो किसानों को राहत मिल सकती है।

हालांकि, केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है। जरूरी है कि एक मजबूत और पारदर्शी जांच तंत्र स्थापित किया जाए। हर जिले में आधुनिक प्रयोगशालाएं हों, जहां बीज नमूनों की त्वरित जांच हो सके। शिकायत मिलने पर निर्धारित समयसीमा में जांच पूरी हो और दोषी पाए जाने पर तुरंत लाइसेंस रद्द किया जाए। साथ ही, मामलों की सुनवाई के लिए विशेष कृषि न्यायाधिकरण बनाए जा सकते हैं, ताकि किसानों को वर्षों तक अदालतों के चक्कर न लगाने पड़ें।

एक और महत्वपूर्ण पहलू है मुआवजा तंत्र। यदि किसान नकली बीज के कारण फसल खो देता है, तो उसे तत्काल आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। इसके लिए बीज कंपनियों को बीमा या गारंटी फंड में योगदान देना अनिवार्य किया जा सकता है। इससे प्रभावित किसान को राहत मिल सकेगी और कंपनियों पर गुणवत्ता बनाए रखने का दबाव भी बढ़ेगा।

तकनीक का उपयोग भी इस समस्या के समाधान में सहायक हो सकता है। प्रत्येक बीज पैकेट पर क्यूआर कोड या डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जा सकता है, जिससे उत्पादन से लेकर बिक्री तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला का रिकॉर्ड उपलब्ध हो। किसान मोबाइल एप के माध्यम से बीज की प्रामाणिकता जांच सके, यह व्यवस्था पारदर्शिता बढ़ा सकती है। डिजिटल रसीद और पंजीकरण प्रणाली से भी फर्जीवाड़े की संभावना कम होगी।

इसके साथ ही जागरूकता अभियान चलाना भी जरूरी है। कई बार किसान अनजाने में बिना लाइसेंस वाले विक्रेताओं से बीज खरीद लेते हैं। यदि उन्हें प्रमाणित विक्रेताओं की सूची, पैकेजिंग की पहचान और शिकायत प्रक्रिया की जानकारी हो, तो वे अधिक सतर्क रहेंगे। सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को भी इस अभियान में शामिल किया जा सकता है।

यह भी ध्यान रखना होगा कि बीज उद्योग कृषि नवाचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निजी कंपनियों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। लेकिन लाभ कमाने की होड़ में यदि गुणवत्ता से समझौता होता है, तो इसका खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ता है। इसलिए उद्योग और सरकार के बीच संतुलित और जवाबदेह ढांचा आवश्यक है। पारदर्शी नियम, नियमित ऑडिट और सार्वजनिक रिपोर्टिंग से व्यवस्था मजबूत हो सकती है।

कृषि संकट केवल मौसम या बाजार की मार से नहीं, बल्कि व्यवस्था की खामियों से भी गहराता है। यदि बीज ही अविश्वसनीय हों, तो उन्नत तकनीक, सिंचाई योजनाएं और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी नीतियां भी सीमित प्रभाव ही छोड़ेंगी। बीज गुणवत्ता सुनिश्चित करना कृषि सुधार की बुनियादी शर्त है।

अंततः सवाल किसानों की गरिमा और विश्वास का है। जब किसान खेत में बीज बोता है, तो वह सरकार और व्यवस्था पर भरोसा करके बोता है। यदि वह भरोसा बार–बार टूटेगा, तो कृषि क्षेत्र में निराशा और अस्थिरता बढ़ेगी। प्रस्तावित सख्त कानून एक सकारात्मक संकेत है कि सरकार इस समस्या को गंभीरता से ले रही है। परंतु असली कसौटी यह होगी कि क्या दोषियों को वास्तव में दंड मिलेगा, क्या जांच समय पर होगी और क्या प्रभावित किसान को शीघ्र राहत मिलेगी।

अब समय आ गया है कि खेतों में केवल अनाज ही नहीं, बल्कि भरोसे के बीज भी बोए जाएं। सख्त कानून, प्रभावी निगरानी, त्वरित न्याय और पारदर्शी व्यवस्था के समन्वय से ही नकली बीजों के जाल को तोड़ा जा सकता है। यदि यह संकल्प ईमानदारी से लागू हुआ, तो अन्नदाता की यह निर्णायक लड़ाई जीत में बदल सकती है और भारतीय कृषि एक मजबूत, विश्वासनीय और टिकाऊभविष्य की ओर बढ़ सकती है।

## विचार विण्डो

# मुफ्त की राजनीति और कर्ज में डूबते राज्य

योगेंद्र योगी

चुनावी मौसम आते ही भारतीय राजनीति में एक परिचित होड़ शुरू हो जाती है–मुफ्त बिजली, पानी, स्मार्टफोन, लैपटॉप, साइकिल, बस यात्रा और नकद सहायता की घोषणाओं की बारिश। मतदाताओं को तात्कालिक राहत देने का यह आकर्षक तरीका धीरे–धीरे आर्थिक अनुशासन पर भारी पड़ता जा रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सुविधाओं की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य सरकारें लोगों की आदतें खराब कर रही हैं और उन्हें रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। यह टिप्पणी केवल एक न्यायिक अवलोकन नहीं, बल्कि देश की वित्तीय सेहत पर गहरी चेतावनी है।

तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सभी उपभोक्ताओं को वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव पर सुनवाई के दौरान अदालत ने सवाल उठाया कि क्या ऐसी योजनाएं दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कल्याणकारी योजनाएं उन लोगों के लिए होनी चाहिए जो वास्तव में भुगतान करने में असमर्थ हैं, न कि सबके लिए बिना भेदभाव के। यदि सक्षम और असक्षम के बीच अंतर किए बिना मुफ्त सुविधाएं दी जाएंगी, तो कार्य संस्कृति और राजकोषीय संतुलन दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

तमिलनाडु का उदाहरण इस बहस के केंद्र में है। राज्य का कुल बकाया कर्ज 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने केंद्र पर वित्तीय अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया है, लेकिन तथ्य यह भी है कि मुफ्त बस यात्रा, छात्र परिवहन सब्सिडी और डीजल सब्सिडी जैसी योजनाओं पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा और परिवहन मद में भारी आवंटन राजनीतिक रूप से लोकप्रिय भले हो, परंतु यह राजकोषीय दबाव को बढ़ाता है।



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 'स्टेट फाइनेंस' रिपोर्ट (2025–26) के अनुसार कई राज्यों का कर्ज तेजी से बढ़ा है। तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान और अन्य बड़े राज्यों पर लाखों करोड़ रुपये का कर्ज है। प्रति व्यक्ति कर्ज का स्तर भी चिंताजनक रूप से बढ़ा है। यह स्थिति केवल एक राज्य तक सीमित नहीं है; लगभग सभी बड़े राज्य किसी न किसी रूप में कर्ज के दबाव में हैं। हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे पहाड़ी राज्य का उदाहरण और भी चिंताजनक है। सीमित संसाधनों और आय के बावजूद लोकलुभावन योजनाओं के विस्तार ने उसे ऋण जाल के करीब पहुंचा दिया है। स्थिति यह है कि लिए गए कर्ज और ब्याज का भुगतान करने के लिए भी नए कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। यदि यह चक्र जारी रहा तो विकास कार्यों–सड़क, अस्पताल, स्कूल और बुनियादी ढांचे–पर खर्च और सिमट जाएगा।

मुफ्त योजनाओं के समर्थक तर्क देते हैं कि ये सामाजिक न्याय और कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का हिस्सा हैं। निस्संदेह, गरीब और वंचित वर्गों को सहायता मिलनी चाहिए। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब सहायता और राजनीतिक लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। यदि हर वर्ग को मुफ्त सुविधाएं दी जाएंगी, तो संसाधनों का लक्षित उपयोग कैसे सुनिश्चित होगा? सीमित राजस्व के बीच असीमित वादे अंततः घाटे और कर्ज में तब्दील होते हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुफ्त योजनाएं अक्सर उत्पादक निवेश की कीमत पर आती हैं। जब बजट का बड़ा हिस्सा सब्सिडी और नकद हस्तांतरण में चला जाता है, तो बुनियादी ढांचे, उद्योग, शिक्षा सुधार और रोजगार सृजन पर निवेश घट जाता है। दीर्घकाल में इससे विकास की गति धीमी पड़ सकती है। यदि राज्य रोजगार के अवसर बढ़ाने की बजाय मुफ्त वितरण पर निर्भर रहेंगे, तो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य अधूरा रह जाएगा।

राजनीतिक दलों की दोहरी भूमिका भी इस प्रवृत्ति को बढ़ाती है। केंद्र में विपक्ष में रहने पर मुफ्त योजनाओं की आलोचना और सत्ता में आते ही वही रास्ता अपनाना–यह प्रवृत्ति वित्तीय राजनीति में ईमानदारी की कमी को दर्शाती है। जनता को यह जानने का अधिकार है कि इन योजनाओं के लिए धन कहां से आएगा, उनका वित्तीय स्त्रोत क्या है और भविष्य में कर्ज का बोझ कैसे चुकाया जाएगा। समाधान पूर्णतः मुफ्त योजनाओं को बंद करना नहीं, बल्कि उन्हें लक्षित, पारदर्शी और वित्तीय रूप से जिम्मेदार बनाना है। जिन परिवारों की आय एक निश्चित सीमा से कम है, उन्हें सब्सिडी दी जा सकती है। बाकी वर्गों से उचित शुल्क लिया जाना चाहिए। साथ ही, प्रत्येक योजना के लिए 'फिस्कल इम्पैक्ट स्टेटमेंट' सार्वजनिक करना अनिवार्य किया जा सकता है, ताकि मतदाता जान सकें कि उसके बदले राज्य को कितना कर्ज लेना पड़ेगा। देश की अर्थव्यवस्था एक नाजुक संतुलन पर खड़ी है। यदि राजकोषीय अनुशासन कमजोर हुआ, तो इसका प्रभाव महंगाई, ब्याज दरों और निवेश पर पड़ेगा। अंततः वही जनता, जिसे तात्कालिक राहत दी गई थी, बढ़ते कर और घटती सेवाओं के रूप में इसकी कीमत चुकाएगी। अब समय आ गया है कि वित्तीय राजनीति में जवाबदेही और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाए। चुनावी लाभ के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने की संस्कृति पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक है। सच्चा कल्याण वही है जो नागरिक को आत्मनिर्भर बनाए, न कि उसे स्थायी रूप से सरकारी सहायता पर निर्भर कर दे। यदि राज्यों ने समय रहते संतुलित राह नहीं चुनी, तो कर्ज का यह अंधकूप विकास की रोशनी को निगल सकता है।

### वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल की जंग तय!

# भारतीय टीम जीती तो इंग्लैंड से होगा महामुकाबला




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 अब अपने रोमांचक अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सुपर–8 मुकाबलों के बाद तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। ग्रुप–1 से साउथ अफ्रीका ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। लगातार जीत और बेहतरीन नेट रन रेट के दम पर उन्होंने तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। अब इस ग्रुप से दूसरी टीम का फैसला भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले अहम मुकाबले से होगा।

1 मार्च को कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में भारत और वेस्टइंडीज आमने–सामने होंगी। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए क्वार्टर फाइनल से कम नहीं है। भारत के दो मैचों में 2 अंक हैं, जबकि वेस्टइंडीज भी 2 अंकों के साथ बराबरी पर है। ऐसे में जो टीम यह मैच जीतेगी, उसके 4 अंक हो जाएंगे और वह ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है।

अगर भारतीय टीम यह मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना लेती है, तो उसका सामना ग्रुप–2 की शीर्ष टीम से होगा। ग्रुप–2 में इंग्लैंड ने अब तक शानदार खेल दिखाया है और तीनों मैच जीतकर नंबर–1 स्थान पर काबिज है। नियमों के अनुसार, ग्रुप–1 की दूसरे नंबर की टीम का मुकाबला ग्रुप–2 की टॉप टीम से होगा। यानी भारत की जीत उसे सीधे इंग्लैंड से भिड़ा सकती है। संभावित सेमीफाइनल 5 मार्च को मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला बेहद खास होगा, क्योंकि 2022 के टी 20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने भारत को हराया था। ऐसे में इस बार टीम इंडिया के पास हिसाब बराबर करने और फाइनल में जगह बनाने का सुनहरा मौका होगा। अब सबकी निगाहें ईडन गार्डन्स में होने वाले निर्णायक मुकाबले पर टिकी हैं, जहां से तय होगा कि भारत सेमीफाइनल में पहुंचकर इंग्लैंड से भिड़ेगा या उसका सफर यहीं समाप्त हो जाएगा।




# थलापति विजय और संगीता की 27 साल पुरानी शादी में आई दरार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलापति विजय इन दिनों अपनी प्रोफेशनल नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। उनकी पत्नी संगीता सोरनालिंगम ने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की है। 27 साल पहले शुरू हुई यह प्रेम कहानी अब कानूनी मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है, जिससे फैंस हैरान और भावुक हैं।

विजय और संगीता की शादी 25 अगस्त 1999 को हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं–जेसन संजय और दिव्या शाशा। बताया जा रहा है कि तलाक की अर्जी स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 की धारा 27(1) के तहत दाखिल की गई है। हालांकि इस पूरे मामले पर विजय की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। फैंस इस खबर के बाद से लगातार दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

संगीता श्रीलंका के एक प्रतिष्ठित उद्योगपति परिवार से ताल्लुक रखती हैं और यूके में पली–बढ़ी हैं। उनकी और विजय की पहली मुलाकात किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। विजय की 1996 की हिट फिल्म 'पूवे उनक्कागा' की सफलता के बाद जब वह चेन्नई में शूटिंग कर रहे थे, तब एक फैन गर्ल उनसे मिलने पहुंचीं। वह उनकी परफॉर्मेंस से बेहद प्रभावित थीं। यही फैन गर्ल आगे चलकर उनकी जीवनसंगिनी बनीं–संगीता।

पहली मुलाकात दोस्ती में बदली और फिर यह रिश्ता प्यार तक पहुंच गया। विजय ने संगीता को अपने माता–पिता से मिलवाया। परिवार की सहमति के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। शादी के बाद संगीता ने हमेशा लाइमलाइट से दूरी बनाए रखी और पारिवारिक जिम्मेदारियों पर ध्यान दिया। वह सार्वजनिक कार्यक्रमों में बहुत कम नजर आती हैं।

इन दिनों विजय अपनी संभावित आखिरी फिल्म 'जन नायकन' और राजनीति में सक्रियता को लेकर भी चर्चा में हैं। ऐसे अहम दौर में निजी जिंदगी में आई यह हलचल उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हो सकती है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आगे यह मामला किस दिशा में बढ़ता है और क्या दोनों के रिश्ते में सुलह की कोई संभावना बनती है।

### 2016 में आई फिल्म 'रमन राघव 2.0'

# 127 मिनट की दिमाग हिला देने वाली थ्रिलर फिल्म



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप सस्पेंस–थ्रिलर फिल्मों के शौकीन हैं और ऐसी कहानी देखना चाहते हैं जो आखिरी मिनट तक दिमाग को झकझोर दे, तो 2016 में आई फिल्म 'रमन राघव 2.0' आपके लिए परफेक्ट चॉइस हो सकती है। 127 मिनट की यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर खौफ, हिंसा और गहरे सस्पेंस से भरी है। कई दर्शक इसे सस्पेंस के मामले में 'अंधाधुन' और 'दृश्यम' से भी ज्यादा डार्क और चौंकाने वाली मानते हैं।

फिल्म की कहानी 1960 के दशक में मुंबई में सक्रिय एक कुख्यात सीरियल किलर पर आधारित है। रमन नाम का यह हत्यारा फुटपाथ पर सो रहे लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतारता है।

फिल्म में उसके किरदार को निभाया है नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने, जिन्होंने अपनी खतरनाक मुस्कान और सर्द निगाहों से किरदार में जान डाल दी है। दूसरी ओर, एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आते हैं विक्की कौशल, जो रमन को पकड़ने के मिशन पर हैं।कहानी तब और दिलचस्प हो जाती है जब रमन खुद पुलिस के सामने सरेंडर कर देता है और अपने अपराधों को कबूल करता है। लेकिन जेल में बंद होने के बाद भी उसका खेल खत्म नहीं होता।

वह फरार हो जाता है और फिर शुरू होता है बिल्ली–चूहे का खतरनाक पीछा। फिल्म का क्लाइमैक्स इतना तीखा है कि दर्शक अंत तक उलझे रहते हैं–कौन ज्यादा खतरनाक है, किलर या उसे पकड़ने वाला?

डार्क टोन, रियलिस्टिक ट्रीटमेंट और दमदार अभिनय इस फिल्म को खास बनाते हैं। अगर आप वीकेंड पर कुछ ऐसा देखना चाहते हैं जो सस्पेंस के साथ मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी झकझोर दे, तो यह फिल्म आपके लिए एक दमदार विकल्प है।

### श्रीलंका पर जीत भी नहीं बचाएगी पाकिस्तान को

# न्यूजीलैंड के लिए खुला सेमीफाइनल का रास्ता




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर–8 चरण में रोमांच अपने चरम पर है। ग्रुप–2 से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है, लेकिन दूसरी टीम का फैसला अब पाकिस्तान और श्रीलंका के मुकाबले पर टिका है। दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान जीत दर्ज करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो सकता है, जबकि न्यूजीलैंड के लिए अभी भी सेमीफाइनल की उम्मीद बाकी है। न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच हारकर अपने हाथ से सीधा क्वालीफिकेशन का मौका गंवा दिया। अगर वह यह मुकाबला जीत लेता तो बिना किसी समीकरण के अंतिम चार में पहुंच जाता। लेकिन हार के बाद अब उसकी किस्मत पाकिस्तान–श्रीलंका मैच के नतीजे पर निर्भर है। फिलहाल न्यूजीलैंड के खाते में तीन अंक हैं और उसका नेट रनरेट +1.390 है, जो उसे मजबूत स्थिति में रखता है।

दूसरी ओर पाकिस्तान के पास सिर्फ एक अंक है। अगर वह श्रीलंका को हरा देता है तो उसके भी तीन अंक हो जाएंगे। ऐसे में फैसला नेट रनरेट से होगा। पाकिस्तान का मौजूदा नेट रनरेट −0.461 है, जो न्यूजीलैंड से काफी कम है। इसलिए सिर्फ जीत से काम नहीं चलेगा, बल्कि बड़ी जीत जरूरी होगी। समीकरण साफ है–अगर पाकिस्तान पहले बल्लेबाजी करता है तो उसे कम से कम 65 रन से जीत दर्ज करनी होगी। वहीं अगर लक्ष्य का पीछा करता है तो उसे 13 ओवर के भीतर टारगेट हासिल करना होगा। तभी उसका नेट रनरेट न्यूजीलैंड से बेहतर हो पाएगा। अगर वह ऐसा करने में नाकाम रहता है तो जीत के बावजूद उसका सफर यहीं समाप्त हो जाएगा और न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।

इस मुकाबले ने टूर्नामेंट को बेहद रोमांचक बना दिया है। एक तरफ पाकिस्तान के लिए करो या मरो की स्थिति है, तो दूसरी ओर न्यूजीलैंड की नजरें इस मैच पर टिकी हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या पाकिस्तान बड़ा अंतर बनाकर समीकरण बदल पाता है या न्यूजीलैंड किस्मत के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहता है।

### बेल के बाद बड़ा धमाका!

# राजपाल यादव का नया डिजिटल अवतार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 9 करोड़ रुपये के चेक बाउंस मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद अभिनेता राजपाल यादव ने एक नई शुरुआत की है। जेल से बाहर आने के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने अपना आधिकारिक यूट्यूब चैनल लॉन्च करने की घोषणा की। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में राजपाल ने फैंस से आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

उन्होंने बताया कि उनके चैनल का नाम "राजपाल नौरंग यादव" है और इसका उद्देश्य हर उम्र के दर्शकों को साफ–सुथरा और पारिवारिक मनोरंजन देना है। राजपाल ने कहा कि वे ऐसा कंटेंट लाना चाहते हैं, जिसे बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी साथ बैठकर देख सकें। उन्होंने फैंस से चैनल को सब्सक्राइब और शेयर करने की अपील भी की। हाल ही में उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट से 18 मार्च तक अंतरिम जमानत मिली है। अदालत में 1.5 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा किया गया है और पासपोर्ट भी कोर्ट में जमा कराया गया है। अब फैंस उनके इस नए डिजिटल अध्याय को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# आगरा में 50 हजार का इनामी शूटर कल्लू मुठभेड़ में ढेर



**यूनिक समय, आगरा।** शुक्रवार रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात शूटर पवन उर्फ कल्लू मारा गया। 50 हजार रुपये के इनामी इस बदमाश पर 18 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। मुठभेड़ एकता चौकी क्षेत्र में हुई, जहां चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पवन को गोली लगी, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, पवन गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र का रहने वाला था और हत्या व रंगदारी जैसे गंभीर अपराधों में वांछित था। उस पर हत्या के चार और रंगदारी के दो प्रमुख मुकदमे दर्ज थे। वर्ष 2021 में एक हत्या के मामले में उस पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित हुआ था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

जांच में सामने आया कि जेल में रहते हुए पवन हरियाणा के कुख्यात गैंग के संपर्क में आ गया था। रिहाई के बाद उसने पश्चिमी यूपी और दिल्ली क्षेत्र में

### आगरा में खड़ा कर रहा था गैंग नेटवर्क

अपना नेटवर्क खड़ा करने की कोशिश शुरू कर दी थी। पुलिस का कहना है कि वह किसी बड़ी वारदात की तैयारी में था।

मुठभेड़ के बाद उसके पास से नौ एमएम की पिस्टल बरामद हुई, जिसे वर्षों पहले एक पुलिसकर्मी से लूटा गया था। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई संभावित बड़ी घटना को टालने में अहम साबित हुई है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

कोर्ट में शाम 7 बजे तक सुनवाई

# जज बोले– मैं भूखा हूं, फैसला बाद में



**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ में एक अहम मामले की लंबी सुनवाई के बाद अदालत में ऐसा क्षण आया जिसने सबको चौंका दिया। पूरे दिन मामलों की सुनवाई करने के बाद न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा कि वे बेहद थके और भूखे हैं, इसलिए तत्काल फैसला लिखाना संभव नहीं है। इसके साथ ही आदेश सुरक्षित रख लिया गया।

बताया गया कि उस दिन अदालत में सैकड़ों मामले सूचीबद्ध थे, जिनमें बड़ी संख्या नए मामलों की थी। शाम तक लगातार सुनवाई चलती रही। संबंधित याचिका पर बहस देर शाम 7 बजे के बाद तक चली। भारी कार्यभार और समयसीमा के दबाव के बीच भी मामले को प्राथमिकता दी गई।

लंबी दलीलों के बाद न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि शारीरिक स्थिति को देखते हुए अभी निर्णय लिखाना संभव नहीं है। यह टिप्पणी अदालतों में बढ़ते काम के बोझ और न्यायिक प्रक्रिया की वास्तविक चुनौतियों को उजागर करती है।

अब सभी की नजरें सुरक्षित रखे गए फैसले पर टिकी हैं, जो जल्द सुनाया जा सकता है।

अलीगढ़ घटना पर सपा सांसद का हमला

# यूपी में 'अपराधियों के मन की सरकार'



**यूनिक समय, आगरा।** प्रेसवार्ता के दौरान सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने अलीगढ़ में दलित समाज की बारात रोकने के प्रयास की घटना को लेकर यूपी सरकार पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और उन्हें लगता है कि सरकार उनके "दिल और मन" की है।

सुमन ने कहा कि हाल में अलीगढ़ में दलित परिवार की बारात चढ़ने से रोकने की कोशिश की गई, जिससे तनाव की स्थिति बनी। उनके मुताबिक ऐसी घटनाएं तब बढ़ती हैं जब सरकार सख्त संदेश देने में असफल रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि शुरुआती स्तर पर कठोर कार्रवाई हो, तो दोबारा ऐसी घटनाएं नहीं होंगी।

सांसद ने दावा किया कि प्रदेश में दलितों के साथ अत्याचार की घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों पर अत्याचार के मामलों की संख्या अधिक बताई गई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और भगवान बुद्ध की मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अपराधियों पर प्रभावी अंकुश नजर नहीं आता और कार्रवाई में भेदभाव के आरोप लगते रहे हैं। उनके मुताबिक, कानून का राज तभी स्थापित होगा जब हर मामले में निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। फिलहाल अलीगढ़ की घटना की जांच जारी है और प्रशासन का कहना है कि कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# आगरा में आधी रात आग में धधका ट्रक



**यूनिक समय, आगरा।** शुक्रवार देर रात एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया, जब चलती सड़क पर एक ट्रक अचानक आग की लपटों में घिर गया। घटना ट्रांस यमुना क्षेत्र के शाहदरा चौराहे के पास रात करीब 1:30 बजे हुई। देखते ही देखते ट्रक आग का गोला बन गया और इलाके में अफरा–तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक सामान्य रफ्तार से गुजर रहा था तभी उसमें से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही क्षणों में लपटें तेज हो गईं और पूरा वाहन धधकने लगा। ट्रक चालक कल्याण सिंह, जो कानपुर देहात के उड़नापुर गांव का निवासी है, दिबियापुर से प्लास्टिक का दाना लेकर जा रहा था। आग का अंदेशा होते ही उसने तुरंत ट्रक रोका और जान जोखिम में डालकर वाहन से कूद गया। उसकी सतर्कता से एक बड़ी जनहानि टल गई।

### चालक ने कूदकर बचाई जान

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक में लदा सारा प्लास्टिक दाना जलकर राख हो चुका था। आग की भीषणता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ ही मिनटों में वाहन पूरी तरह खाक हो गया।

प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और वाहनों की तकनीकी जांच की जरूरत को उजागर कर दिया है।

36 घंटे में दूसरी धमकी से दहशत

# रेलवे स्टेशन पर घंटों चला सर्च ऑपरेशन



**यूनिक समय, कानपुर।** कानपुर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब व्यस्त रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना में कहा गया कि "शाम 7 बजे सब खत्म हो जाएगा।" धमकी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और पूरे स्टेशन परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, वेटिंग एरिया और टिकट काउंटर समेत हर हिस्से की बारीकी से जांच की। यात्रियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूने की सलाह दी गई। स्टेशन पर कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल रहा, लेकिन सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित रखा। घंटों चले सर्च ऑपरेशन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में उसने दावा किया कि कुछ दिन पहले उसका मोबाइल चोरी हो गया था। पुलिस और खुफिया विभाग पूरे मामले की गहन जांच में जुटे हैं। फिलहाल स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

# लखनऊ में बिजली करंट से लाइनमैन की दर्दनाक मौत

**यूनिक समय, लखनऊ।** कल्याणपुर क्षेत्र में शुक्रवार देर रात जगरानी अस्पताल के पास 33 हजार वोल्ट लाइन पर काम करते समय संविदा लाइनमैन परशुराम रावत (45) को बिजली का जोरदार झटका लग गया। करंट की चपेट में आने के बाद वह पोल से सड़क पर गिर गए और गंभीर चोटें लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।


घटना के बाद परशुराम के परिजन मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग की लापरवाही पर हंगामा किया। गुडंबा पुलिस ने परिजनों को समझा–बुझा कर शांत कराया। एई अमितेश कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व कंचनाबिहारी मार्ग में फाल्ट आया था और जेई धर्मेंद्र व अन्य कर्मी उसे ठीक कर रहे थे।



परशुराम रावत के परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा हैं। विभाग ने मृतक परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 7.5 लाख रुपये देने की घोषणा की है, जिसमें 1.5 लाख रुपये पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं। मुख्य अभियंता ने हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं।

बकाया शून्य, फिर भी सील मकान!

# दादी–पोते की चार घंटे कैद, छूटी परीक्षा



**यूनिक समय, अलीगढ़।** नगर निगम की कथित लापरवाही का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। वार्ड नंबर 19 स्थित आवास विकास कॉलोनी में रहने वाले स्वर्गीय गंगा सिंह के परिवार का मकान बिना वास्तविक बकाया के ही सील कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि घर के अंदर दादी और पोता करीब चार घंटे तक कैद रहे, जबकि पोते की नौवीं कक्षा की परीक्षा भी छूट गई।

परिवार के अनुसार, मकान नंबर 2297 का 7,194 रुपये संपत्ति कर जुलाई में ही जमा कर दिया गया था और रसीद भी मौजूद थी। इसके बावजूद नवंबर में 57,446 रुपये का नया बिल थमा दिया गया। जब परिजनों ने कर विभाग में रसीद दिखाई तो उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। 27 फरवरी की सुबह कर संग्रहक के साथ निगम की टीम पहुंची और मकान के बाहर नोटिस चस्पा कर सील लगा दी।

उसी दिन पोता अंशुमन की केमिस्ट्री की परीक्षा थी। किसी तरह वह पड़ोसी के घर से निकलकर स्कूल पहुंचा, लेकिन देर होने के कारण उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। बाद में शिकायत पर विभाग ने जांच की तो बकाया जमा मिला। करीब साढ़े 12 बजे सील खोली गई, मगर तब तक नुकसान हो चुका था।

अधिकारियों ने इसे जीआईएस सर्वे की गड़बड़ी बताया। वहीं परिवार का कहना है कि इस कार्रवाई से उनकी सामाजिक छवि धूमिल हुई और बच्चे का भविष्य प्रभावित हुआ। मामला प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

## सार संक्षेप

### उमर अब्दुल्ला बोले : अब राष्ट्रीय टीम में मिले मौका

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू–कश्मीर रणजी खिताब के करीब है, जिस पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अब राज्य के खिलाड़ियों को भारतीय टीम में मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक–दो खिलाड़ी देश की जर्सी पहनने के हकदार हैं। हुबली में फाइनल के दौरान वे स्टेडियम पहुंचे और टीम का हौसला बढ़ाया। भारतीय क्रिकंट्रोल बोर्ड के अधिकारी भी मुकाबला देखने मौजूद रहे।

### बोलिविया में नोटों से भरा सैन्य विमान हाईवे पर क्रैश, 20 की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजधानी ला पाज के पास वायुसेना का हरक्यूलिस कार्गो विमान उड़ान के तुरंत बाद रनवे से फिसलकर हाईवे पर जा गिरा। हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत और कई घायल हुए। विमान केंद्रीय बैंक के नए नोट ले जा रहा था, जो सड़क पर बिखर गए। भीड़ नोट समेटने पहुंची तो पुलिस को दंगा–रोधी बल का सहारा लेना पड़ा। दुर्घटना की जांच जारी है।

### पटना विवि छात्रसंघ चुनाव में बवाल, रिंकल यादव का विरोध

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मतदान के दौरान अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रिंकल यादव ने बैलेट पेपर में नाम गलत छपने पर हंगामा किया। उनका आरोप है कि "रिंकल यादव" की जगह "रिंकल कुमार" छपा, जिससे समर्थकों में भ्रम होगा। साइंस कॉलेज केंद्र पर उन्होंने बैलेट फेंककर विरोध जताया। पुलिस हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हुई। 41 केंद्रों पर मतदान हुआ, शाम 4:30 बजे से मतगणना शुरू होगी।

### बेंजामिन नेतन्याहू का बयान : ईरानी खुद तय करेंगे अपना भाग्य

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर संयुक्त सैन्य कार्रवाई शुरू की। नेतन्याहू ने इसे देश की सुरक्षा के लिए जरूरी बताते हुए ईरानी जनता से शासन के खिलाफ खड़े होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह कदम परमाणु खतरे को रोकने के लिए है। वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी दी।

### भिवंडी की डाइंग कंपनी में भीषण आग, तीन मंजिलें जलकर खाक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भिवंडी के खोक्खा कंपाउंड स्थित निलेश डाइंग कंपनी में देर रात भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए तीन फ्लोर तक पहुंच गई। मौके पर दमकल की पांच गाड़ियां पहुंचीं और करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग के कारणों की जांच जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### मोदी का कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक प्रहार

# देश को बांटने वाली विचारधारा पर चल रही है कांग्रेस




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान के अजमेर में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों का इतिहास देश को कमजोर करने का रहा है और कांग्रेस पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने विभाजन का जिक्र करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम लीग का नाम लिया और कहा कि जिस विचारधारा ने देश को बांटा, उसी राह पर कांग्रेस चल रही है।

मोदी ने रक्षा तैयारियों के मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के दौरान सशस्त्र बलों को जरूरी संसाधनों की कमी झेलनी पड़ी और 'वन रैंक, वन पेंशन' जैसे मुद्दे लंबित रहे। रक्षा सौदों में कथित घोटालों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पारदर्शिता और मजबूती पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ तत्व भारत की समृद्धि, संविधान और लोकतंत्र से नफरत करते हैं और देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता ऐसे कृत्यों को कभी माफ नहीं करेगी। विकास के मुद्दे पर मोदी ने 2014 के बाद हुए बदलावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले बुनियादी सुविधाओं, विशेषकर शौचालयों की कमी से महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब केंद्र और राज्य में भाजपा की "डबल इंजन" सरकार विकास और विरासत के संतुलन के साथ काम कर रही है। सड़क, रेल और हवाई संपर्क के विस्तार को उन्होंने क्षेत्रीय प्रगति का आधार बताया।

## आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 10 लोगों की मौत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका हो गया, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने शुरुआती जानकारी में सात लोगों की मौत की पुष्टि की थी, जबकि बाद में हताहतों की संख्या बढ़ने की सूचना मिली। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय फैक्टरी में करीब 20 कर्मचारी काम कर रहे थे। घटना पर मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गहरा

### पुलिस और प्रशासन ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई

दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों को घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी करने को कहा गया है।

प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र को सील कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक आशंका है कि विस्फोट पटाखा निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों में कमी के कारण हुआ। फिलहाल राहत कार्य जारी है और सरकार पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

## बीजू जनता दल ने राज्यसभा के लिए दो विशेषज्ञ चेहरे उतारे



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर बीजेडी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने डॉ. संत्रुप्त मिश्रा और डॉ. दत्तेश्वर होता को उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों नामों के जरिए पार्टी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह संसद में विशेषज्ञता और अनुभव को प्राथमिकता देना चाहती है।

डॉ. संत्रुप्त मिश्रा लंबे समय तक कॉरपोरेट जगत से जुड़े रहे हैं। वे आदित्य बिरला ग्रुप डायरेक्टर (एचआर) और बिरला कार्बन के सीईओ जैसे अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं। शैक्षणिक रूप से भी मजबूत पृष्ठभूमि रखने वाले मिश्रा 2024 में बीजेडी में शामिल हुए और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने। वे कटक लोकसभा सीट से चुनाव भी लड़ चुके हैं। डॉ. दत्तेश्वर होता ओडिशा के जाने–माने यूरोलॉजिस्ट हैं।

वे कटक स्थित एससीबी कॉलेज और हॉस्पिटल के डीन और प्रिंसिपल रह चुके हैं तथा राज्य में मेडिकल शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। बीजेडी का मानना है कि उद्योग और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े इन अनुभवी चेहरों के जरिए ओडिशा की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर और प्रभावी ढंग से उठाई जा सकेगी।

### उदय भानु चिब को जमानत, कांग्रेस ने कहा- न्याय की जीत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में हुए विरोध प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की एक अदालत ने जमानत दे दी है। चार दिन की पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद उन्हें ड्यूटी मजिस्ट्रेट वंशिका मेहता के समक्ष पेश किया गया, जहां अदालत ने पुलिस की सात दिन की अतिरिक्त रिमांड की मांग खारिज कर दी। भारतीय युवा कांग्रेस से जुड़े चिब की जमानत पर उनके पिता हरि सिंह ने न्यायपालिका का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अदालत के फैसले से न्याय व्यवस्था में उनका भरोसा और मजबूत हुआ है। उनका आरोप है कि पुलिस ने गंभीर धाराएं लगाईं, लेकिन ठोस सबूत पेश नहीं कर सकी।

### आप ने केंद्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

## अरविंद केजरीवाल का कल से जंतर –मंतर पर शक्ति प्रदर्शन



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में अदालत से राहत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है। अरविंद केजरीवाल एक मार्च को जंतर–मंतर पर विशाल रैली का नेतृत्व करेंगे। पार्टी का कहना है कि यह रैली दिल्ली में कथित रूप से बर्खास्त किए गए हजारों कर्मचारियों के समर्थन में आयोजित की जा रही है।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के फैसलों से बस मार्शल, डीटीसी कंडक्टर, मोहल्ला क्लीनिक स्टाफ और अस्पतालों के डेटा एंट्री ऑपरेटर प्रभावित हुए हैं। पार्टी ने इन कर्मचारियों से वर्दी में रैली में पहुंचने की अपील की है, ताकि उनका विरोध मजबूती से दर्ज हो सके। इस बीच, दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया। अदालत की टिप्पणी के बाद सीबीआई ने फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अदालत से मिली राहत के बाद यह रैली केजरीवाल के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में बड़ा कदम हो सकती है। जंतर-मंतर की यह सभा दिल्ली की राजनीति में नए सियासी समीकरणों की आहट भी मानी जा रही है।

## शेयर बाजार में घबराहट, खाड़ी में फंसे भारतीयों की बढ़ी चिंता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने वैश्विक चिंता बढ़ा दी है। दोनों ओर से बैलिस्टिक मिसाइल हमले और हवाई कार्रवाई की खबरों के बीच अमेरिका की सक्रिय भागीदारी ने हालात को और गंभीर बना दिया है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और सामरिक हितों पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत अपनी 80-85 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है, जिसमें खाड़ी क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। यदि इस मार्ग में बाधा आती है, तो वैश्विक बाजार में तेल कीमतों में तेज उछाल संभव है।

## इंडिगो और एयर इंडिया की पश्चिम एशिया की स्थिति पर कड़ी नजर




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इंडिगो और एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। दोनों एयरलाइंस ने कहा है कि वे क्षेत्र में तेजी से बदलते भू–राजनीतिक हालात और हवाई क्षेत्र से जुड़े प्रतिबंधों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

इंडिगो ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि यात्रियों और क्रूकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयरलाइन ने ईरान और आसपास के हवाई क्षेत्र में बदलाव को देखते हुए वहां से आने–जाने वाली उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जांचने और पंजीकृत संपर्क विवरण अपडेट रखने की सलाह दी गई है। दुबई, जेद्दा, दोहा, अबू धाबी और अन्य पश्चिम एशियाई शहरों से जुड़ी उड़ानों पर भी असर पड़ा है। एयर इंडिया ने भी पश्चिम एशिया के गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं। कंपनी ने कहा कि वह सुरक्षा हालात का निरंतर आकलन कर रही है और आवश्यकतानुसार परिचालन में बदलाव करेगी। यात्रियों की सहायता के लिए 24x7 हेल्पलाइन और ग्राहक सहायता केंद्र सक्रिय किए गए हैं। यह एडवाइजरी ऐसे समय में आई है जब ईरान और इजरायल के बीच सैन्य तनाव बढ़ गया है। क्षेत्र के कई देशों ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।

## हिंद दी चादर कार्यक्रम में संत ज्ञानी हरनाम सिंह का संदेश

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नवी मुंबई के खारघर में आयोजित 'हिंद दी चादर' कार्यक्रम के अवसर पर दमदमी टकसाल के मुख प्रधान संत ज्ञानी हरनाम सिंह ने कहा कि "300 साल बाद हमें इतना सम्मान पहली बार मिला है।" यह आयोजन गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी और गुरु गोविंद सिंह के 350वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में हो रहा है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार, विशेषकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की भी जानकारी दी गई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा गलत समय पर हुई : सलमान खुर्शीद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया इजराइल दौरे को 'शर्मनाक' और 'गलत समय' पर किया गया कदम बताया। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच यह यात्रा पक्षपात और सैन्य कार्रवाई को मौन समर्थन की धारणा पैदा करती है। उन्होंने इसे भारत की नियम–आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और अहिंसा की परंपरा के विपरीत बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी दौरे की आलोचना करते हुए कहा कि इससे भारत की संतुलित विदेश नीति पर सवाल उठते हैं।

# जंक्शन पर होली की भीड़ नियंत्रण को बनाया होल्डिंग एरिया

**यूनिक समय, मथुरा।** होली पर आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मथुरा जंक्शन पर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। भीड़ पर नजर रखने के लिए वीआईपी कक्ष में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष से रेलवे अधिकारी इस पर नजर रख रहे हैं। होली को लेकर जंक्शन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को सख्त किया गया है। जीआरपी और आरपीएफ के अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। पूरे जंक्शन परिक्षेत्र को एक जोन बनाने के बाद चार सेक्टरों में बांटा गया है। ट्रेनों के आने के समय प्लेटफार्म पर भीड़ अनियंत्रित न हो इसके लिए जंक्शन के तृतीय प्रवेशद्वार पर रेलवे अधिकारियों ने होल्डिंग एरिया बनाया है।

द्वितीय प्रवेश द्वार पर स्थाई होल्डिंग एरिया पहले से ही बना हुआ है। इस होल्डिंग एरिया में उन यात्रियों को रोका जाएगा जिनकी ट्रेन आने में समय होगा। इससे प्लेटफार्मों पर वही यात्री जा सकेगा जिनकी ट्रेन

## भीड़ कंट्रोल को बनाया मेला नियंत्रण कक्ष

आने वाली होगी। किसी भी प्लेटफॉर्म या फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ एकत्र न हो इसके लिए सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। इसके लिए प्लेटफॉर्म संख्या एक पर बने वीआईपी कक्ष में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में रेलवे, आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी हर समय मौजूद रहेंगे, जो कैमरों के माध्यम से भीड़ पर नजर रखेंगे। जिस भी स्थान पर भीड़ का दवाब बढ़ता दिखेगा। कंट्रोल रूम में मौजूद अधिकारी वहां के सर्किल प्रभारी को तुरंत सतर्क करेंगे और अतिरिक्त पुलिस बल को वहां भेजने के आदेश देंगे। स्टेशन निदेशक एपी श्रीवास्तव ने बताया कि भीड़ नियंत्रण के लिए तृतीय प्रवेश द्वार पर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। वीआईपी कक्ष में नया कंट्रोल रूम बनाया गया है।

# बहन की हत्या करने वाला भाई गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में हत्या आरोपी।

## सबूत मिटाने के लिए शव को जलाया था

**यूनिक समय, मथुरा।** राया पुलिस ने अपनी बहन की हत्या कर शव को जलाकर सबूत मिटाने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना राया के गांव हर्दपुर में रहने वाली बहन की युवक लव ने 31 जनवरी को हत्या कर सबूत मिटाने के लिए उसे जला दिया था। इस मामले में थाना राया पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस अभियुक्त लव की तलाश कर रही थी। उसके बारे में मिली एक सूचना पर पुलिस ने साथिनी बम्बे की पुलिया के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# होली मिलन समारोह में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**यूनिक समय, मथुरा।** श्री बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर में होली मिलन समारोह का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। वरिष्ठ आचार्य शिवहरी गोस्वामी ने ब्रज की परम्परा और होली की संस्कृतिक के महत्ता पर प्रकाश डाला।

वरिष्ठ आचार्य उमाशंकर ने काव्यपाठ से श्रोताओं को काव्यरस में सराबोर कर दिया। लोकेश शर्मा, हरदेव शर्मा, शिवानी शर्मा एवं ऋषभ कुलश्रेष्ठ ने गीत और भजन कीप्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विनय मोहन शर्मा के हास्य अभिनय ने समारोह में हँसी और आनंद के रंग घोल दिए। प्रबन्धक प्रो. तेजपाल सिंह ने कहा कि होली एक प्रेम, समरसता और एकता का पर्व है। प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार सारस्वत ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन शिक्षण संस्थानों में नैतिक मूल्यों और पारिवारिक भावना को सुदृढ़ करते हैं। संचालन अरविन्द कुमार, कृष्णकान्त शर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रेमशंकर, धर्मेंद्र बंसल, हरीश सारस्वत, ललित कुमार, नवीन वार्ष्णेय, विजय यादव, मुकेश उपाध्याय, कृष्णकान्त मिश्रा, शेरसिंह सिकरवार, अमित प्रकाश कुलश्रेष्ठ तथा निर्मल सिंह राणा आदि उपस्थित थे।

# जूना अखाड़े के शंकराचार्य चक्रपाणि महाराज पहुंचे गोवर्धन



चित्रगुप्त पीठ में जूना अखाड़े के शंकराचार्य चक्रपाणि लोगों के साथ।

## चित्र गुप्त पीठ में पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**यूनिक समय, गोवर्धन।** जगदगुरु शंकराचार्य के पट्टाभिषेक होने के तीसरे दिन चित्र गुप्त महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे चक्रपाणि महाराज का स्वागत किया गया। चित्र गुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने किया स्वागत किया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद मामले पर बोले जगदगुरु शंकराचार्य चक्रपाणि महाराज ने कहा कि आरोप कोई किसी पर लगा सकता है। मामला न्यायालय में है। अब न्यायालय के आदेश का सभी को पालन करना है। स्वामी चक्रपाणि नंद गिरी ने कहा कि शंकराचार्य महाराज पर लगाए आरोप गलत हैं। संत कोई ऐसा काम नहीं करते हैं। शंकराचार्य महाराज ने बृज रसिक संतों के साथ फूलों की होली खेलकर प्रेम का संदेश दिया।

### प्रियाकान्तजु की हाईड्रोलिक होली

# दो मार्च को, बरसेगा टेसू का रंग

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृन्दावन।** होली प्रेम और स्नेह का त्यौहार है, जो लोग होली के नाम पर महिलाओं के साथ गलत व्यवहार करते हैं, नशे का सेवन करते हैं, वे इसकी पवित्रता नष्ट करते हैं। हमें संस्कार और मर्यादा के साथ होली मनानी चाहिये। यह उदगार आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने प्रियाकान्तजु मंदिर पर होली महोत्सव में व्यक्त किये। मंदिर के सचिव विजय शर्मा ने बताया कि 2 मार्च को प्रातः 10 बजे से मंदिर की प्रसिद्ध हाइड्रोलिक होली खेली जायेगी। इसमें लठामार होली, लड्डू–जलेबी होली, फूलों की होली, रंग–गुलाल की होली के साथ

## कल मंदिर कोष से बेटियों को मिलेगा 'प्रियाकान्तजु कन्या विद्याधन'

ब्रज की रसिया होली खेली जायेगी। गर्भगृह में सेवायत पुजारियों के साथ देवकीनंदन महाराज ने श्रद्धालुओं पर गुलाल उड़ाकर ब्रज की प्राचीन परम्परा का निर्वहन किया।

मधुर भजनों पर भक्तों ने खूब नृत्य किया। मंदिर के मीडिया प्रभारी जगदीश वर्मा ने बताया कि ब्रज की 125 बेटियों प्रियाकान्तजु मंदिर कोष से शिक्षा के लिये आर्थिक सहयोग मिलेगा।

### ठाकुर बांके बिहारी महाराज की लीला का रहस्योद्घाटन

# होली पर्व पर दहीबड़ा खाने को गिरवी रख दिया था स्वर्ण कंगन

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृन्दावन।** ठाकुर बांके बिहारी महाराज की अनंत, अदभुत एवं अलौकिक लीलाएं इतनी अधिक भावपूर्ण हैं, जिनके स्मरण से ही जीव मात्र का हृदय प्रफुल्लित व रोमांचित होने लगता है। इसी लीलाक्रम में अब से करीबन सात दशक पहले होली महोत्सव के दौरान ठाकुरजी ने दहीबड़ा खाने के लिए अपने हाथ में पहना हुआ बेशकीमती स्वर्णकंगन गिरवी रख दिया था। ठाकुरजी की उस अनोखी चाटभोग लीला के कारण तभी से बिहारीजी मंदिर में दैनिक रसोई भंडारे की शुरुआत हुई। परम्परानुसार इस लीला का स्मरण करते हुए हर वर्ष होलियों में भगवान को चाटभोग अवश्य लगाया जाता है।



प्रहलाद गोस्वामी

भक्तों को अचंभित कर देनी वाली लीला पर व्यापक प्रकाश डालते हुए ठाकुरजी के सेवायत इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी महाराज बताते हैं कि अब से तकरीबन 70 वर्ष पहले होली पर्व पर ठाकुर बांकेबिहारी महाराज को चटपटा दहीबड़ा खाने की इच्छा हुई, लेकिन उस दिन भोग में दहीबड़ा नहीं बना था। लेकिन अपनी इच्छा पूर्ण करना लीलाधारी प्रभु के लिए कौन सी बड़ी बात है। उन्होंने एक बालक का रूप धारण किया और स्वयं वृन्दावन के बाजार में जा पहुंचे। इतिहासकार के अनुसार उस समय वृंदावन में अधिकतर दुकानें बंद हो चुकी थीं। सिर्फ़ एक वृद्ध चाट विक्रेता की दुकान ही खुली हुई थी और वह भी अपनी दुकान समेटने में लगा हुआ था। तभी अबोध बालक के रूप में भगवान वहां पहुंचे और विनम्र स्वर में बोले बाबा ... बाबा, मेरौ बोहत मन कर रह्यौ है, एकाद दहीबड़ा बचौ होय तौ मोय खबाय देयौ। तब दुकानदार ने कहा कि तेरे पास पइसाऊ हैं कि वैसेइ चल्यो आयो है। पैसे मांगे जाने पर भगवान ने अपने कर – कमलों में पहना स्वर्णकड़ा आगे बढ़ाते हुए कहा बाबा पैसा तो नांय। पर हमारौ जी सौने कौ कंगन राखिलेऔ, सबेरे हमारे परिजन तिहारे पइसा चुकाय कै जाय ले जामिंगे। स्वर्ण कड़ा देखकर दुकानदार को लगा कि यह किसी धनाढ्य परिवार का बालक है, इसलिए उसने भक्तवत्सल प्रभु को प्रेमपूर्वक भरपेट चाट – दहीबड़ा खिला दिया। सदैव सभी को तृप्त करने वाले भगवान स्वयं तृप्त होकर अपने शयनागार में लौट आए। इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी के मुताबिक अगली सुबह जब मंदिर के पुजारियों ने भगवान की सेवा प्रारंभ की तो श्रीबाँके बिहारीजी के हाथ से एक स्वर्ण कड़ा गायब पाया गया, तो चारों ओर खोजबीन शुरू हुई। शीघ्र ही जंगल की आग तरह यह समाचार पूरे वृंदावन में फैल गया। इसी बीच वह वृद्ध चाट विक्रेता हांफता – कांपता मंदिर पहुंचा और हाथ में सोने का कड़ा लिए प्रभु के चरणों में गिर पड़ा। नेत्रों से अविरल अश्रुधारा प्रवाहित करते हुए वह भक्तिभाव से गदगद होकर कहने लगा, हे प्रभु! मैं तो कभी सपने में भी नहीं सोच सकता था कि स्वयं आप ही बालक रूप में मेरे पास आओगे। हे नाथ! आपके साक्षात दर्शन करके मैं तर गया, अपना यह कड़ा लीजिए। मैं आपको चाट खिला सका, इस सौभाग्य से बड़ा कोई धन नहीं हो सकता। सेवायत बताते हैं कि भगवान की इस अद्भुत लीला को देखकर भक्तों ने यह समझ लिया कि यह ठाकुरजी का संकेत है मंदिर में नियमित रूप से भोग प्रसाद की व्यवस्था करने का। इसीलिए वर्ष 1957 में सेवायत समाज द्वारा दैनिक भोग रसोई भंडारा प्रारंभ किया गया और तब से हर वर्ष होलीपर्व पर ठाकुरजी को चाट – दहीबड़ा का विशेष भोग अवश्य समर्पित किया जाता है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ पर मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, सौंख (मथुरा)।** थाना मगोर्रा के एक गांव में गुरुवार को अपने घर में चारपाई पर सो रही एक नाबालिग किशोरी के साथ शादी समारोह में आने वाल एक युवक द्वारा छेड़ छाड़ करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया गया कि गांव में शादी समारोह में आए युवक ने देर रात करीब 2:30 बजे एक घर मे घुसकर वहां सो रही नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। किशोरी के शोर करने पर दूसरे कमरे में सो रहे परिजन भी आ गए। शोर होने पर युवक वहां से भाग गया। इस बारे में पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के बारे में जांच की।

इस मामले में दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव सूरौठ जनपद करौली, राजस्थान निवासी करन सिंह के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी हरीश चौधरी का कहना है कि नाबालिग से छेड़ छाड़ की घटना में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

## आईएचओ का होली मिलन समारोह कल

**यूनिक समय, मथुरा।** इंडियन होम्योपैथिक ऑर्गेनाइजेशन का होली मिलन समारोह एक मार्च को दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक होटल मुकुंद वाटिका में होगा। इस समारोह का उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। यह जानकारी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ प्रमेन्द्र शर्मा तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ एपीएस चौहान ने दी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी बैंक ऑफ बड़ौदा बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा द्वारा फर्म–एम. एस. राधारानी होस्टल एंड होटल, फर्म एम. एस. श्रीजी एण्टरप्राइजेज ऋणधारक पातीराम सिसोदिया पुत्र श्री मंगी सिंह निवासी सी0 29, श्री राधापुरम कॉलोनी एन.एच.–19 गणेशरा, पोस्ट सतोहा मथुरा। सम्पत्ति खाता संख्या 246, खसरा संख्या 498, मौजा अकबरपुर एन. एच. 2 तहसील छाता, जिला मथुरा स्थित के संबंध में रूपये 5,91,00,000/– का ऋण प्रदान किया जा रहा हैं। यदि उपरोक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति संबंधी जानकारी हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर सूचना बैंक कार्यालय में प्रस्तुत करें। बैंक ऑफ बडौदा

पत्ताः– बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा।
मो.– 8477000308

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :– यूनिक बिल्डिंग, 289–290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक–पवन गौतम। फोन नंबर–0565–2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053